आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹117077/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹142990/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹156087/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026

## चांदी 7500 सस्ती, सोना 2200 रुपए महंगा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को जहां चांदी की कीमतें 7,500 रुपए या करीब तीन प्रतिशत टूटकर 2.64 लाख रुपये प्रति किग्रा रह गईं, वहीं मजबूत डॉलर के बावजूद सोने की कीमतें 2,200 रुपए प्रति 10 ग्राम बढ़ गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी सोमवार के 2,72,000 रुपए प्रति किग्रा के बंद भाव से 7,500 रुपए लुढ़ककर 2,64,500 रुपए प्रति किग्रा (सभी कर मिलाकर) रह गई।

कैडेवर डोनेशन की आस में सोटो में कराया था पंजीयन, केवल 32 को मिले अंग

जागरुकता बेहद जरूरी कोशिशों के बावजूद लोग आगे नहीं आ रहे

# देहदान में बेरुखी...किडनी-लिवर की वेटिंग इतनी कि प्रतीक्षा करते तीन बरस में 45 ने तोड़ दिया दम



*लगातार कोशिशों के बाद भी देहदान के प्रति लोगों को जागरुक करने में सफलता नहीं मिल पाई है। आंकड़े बताते हैं कि बीते तीन साल में 45 लोगों ने किडनी, लिवर सहित अन्य अंग मिलने के इंतजार में अपनी जान गंवा दी।*

विकास शर्मा ▸▸| रायपुर

वर्ष 2022 से 2025 के बीच कुल 320 लोगों ने राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण (सोटो) में अपना पंजीयन कराया था, जिनमें से 32 का प्रत्यारोपण पूरा हो पाया है, 45 की जान चली गई और बाकी वेटिंग में हैं। बदलती लाइफ स्टाइल की वजह से किडनी, लिवर से संबंधित बीमारी आम हो चुकी ▸▸| शेष पेज 7 पर

हरिभूमि सरोकार

**बदलती लाइफ स्टाइल से आम हो चुकी किडनी, लिवर की बीमारी, अस्पतालों में भीड़**



### वर्तमान स्थिति

- किडनी 195, लिवर 25, अन्य उतक 2 यानी कुल 222 आवेदन पेंडिंग
- अब तक 24 किडनी, 8 लिवर का प्रत्यारोपण हो चुका पूर्ण
- अब तक 14 त्वचा, 14 कार्निया, 5 हार्ट वॉल्व, 1 लिवर दान में प्राप्त हुआ

### प्रत्यारोपण के बाद पांच की मौत

*किडनी लिवर के इंतजार में पंजीकृत 45 लोगों की मृत्यु के अलावा पांच ऐसे लोगों ने भी दम तोड़ा जिनका प्रत्यारोपण हो चुका था। ट्रांसप्लांट के बाद उन्हें विभिन्न तरह की अन्य जटिलताएं हुई और उन्होंने जान गंवा दी। शेष 27 लोग दान में मिले अंगों के माध्यम से अपना जीवन सामान्य तरीके से जी रहे हैं। राज्य में अंतिम देह दान दुर्ग जिले के निजी अस्पताल के सीएमओ की मृत्यु के बाद उनके परिवार वालों ने अगस्त 2025 में किया था। इसके बाद कैडेवर डोनेशन तो नहीं हुआ पर सोटो की प्रतीक्षा सूची बढ़ती गई।*

### नहीं हुई नई नियुक्ति

*राज्य में ब्रेनडेड मरीजों के अंगदान और प्रत्यारोपण का समन्वय करने वाला सोटो स्वंय अधिकारियों और संसाधनों के अभाव से जूझ रहा है। पिछले दो महीने इसके संचालक के लिए जिम्मेदार चिकित्सक की तलाश पूरी नहीं हो पाई है। बनाए गए इस प्राधिकरण का कार्यालय तो डीके अस्पताल परिसर में बनाया गया है मगर यहां जरूरी स्टाफ की तैनाती की जरूरत भी नहीं समझी गई है। पंजीकृत अस्पतालों में इसके समन्वयक तो बनाए गए मगर उनका परफारमेंस भी उल्लेखनीय नहीं हो पा रहा है।*

# स्पीकर के खिलाफ 'अविश्वास', समाधान तक आसन ग्रहण नहीं करेंगे बिरला

विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को लोकसभा महासचिव को सौंपा। बिरला पर पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन संचालित करने, कांग्रेस सदस्यों पर झूठे इल्जाम लगाने तथा अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। इधर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने फैसला किया कि वह इस मामले का निपटारा होने तक आसन पर नहीं बैठेंगे। विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में 9 मार्च को चर्चा हो सकती है।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

लोकसभा सचिवालय के सूत्रों ने विपक्ष का नोटिस मिलने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि इस पर विचार किया जाएगा। नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। 13 फरवरी को बजट सत्र के वर्तमान सेशन का आखिरी दिन है। इसके बाद 8 मार्च से सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होगी।

इसके बाद 9 मार्च को चर्चा हो सकती है। निचले सदन में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश और सचेतक मोहम्मद जावेद ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को यह नोटिस सौंपा। ▸▸| शेष पेज 7 पर

### राहुल को सदन में न बोलने देने पर गुस्साया विपक्ष



### बिरला ने लिया फैसला

लोकसभा सचिवालय से जुड़े सूत्रों ने बताया, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नैतिकता के उच्च मापदंड के तहत यह फैसला किया है कि विपक्ष के द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के निपटारे तक वह अध्यक्षीय आसन पर नहीं बैठेंगे। बिरला ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को निर्देश दिया है कि वह विपक्ष के नोटिस की जांच कर उचित कार्रवाई करें।

### नोटिस पर राहुल के हस्ताक्षर नहीं

विपक्ष ने मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश कर दिया। इसमें 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। यह नोटिस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संसद में न बोलने देने के आरोप में लाया जा रहा है। हालांकि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने ही इस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। स्पीकर को पद से हटाने के नोटिस पर नेता प्रतिपक्ष का हस्ताक्षर करना संसदीय लोकतंत्र में सही नहीं है।

### स्पीकर को हटाने का प्रयास अब तक रहा है असफल

*लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के विपक्ष के प्रयासों की तरह ही अतीत में भी इस तरह की कुछ कोशिशें की गई हैं, लेकिन सफल नहीं हुईं। लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचारी ने बताया, बहुमत की गणना के लिए सदन के सभी सदस्यों की गिनती की जाती है, न कि उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों की, जो कि सामान्य प्रक्रिया है। इसका अर्थ यह है कि रिक्तियों को छोड़कर सदन की प्रभावी सदस्यता का उपयोग बहुमत की गणना के लिए किया जाता है।*

### राज्यभर में बिखरी खुशियां



यादगार लम्हा कैद

**सामूहिक विवाह में सभी धर्मों के जोड़े**

***रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में मंगलवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 1316 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। आयोजन की खास बात ये रही कि इसमें सर्वधर्म के समाजजनों की सहभागिता रही। इसमें सभी समुदाय के वर-वधु दांपत्य जीवन में बंधे। रायपुर के साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे प्रदेश में 6 से ज्यादा जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।*

कांग्रेस नेताओं ने जमीन पर गैर कानूनी तरीके से कब्जा करने का लगाया था आरोप


# असम सीएम ने भूपेश बघेल समेत तीन कांग्रेस नेताओं पर किया 500 करोड़ की मानहानि का केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस नेता पूर्व सीएम भूपेश बघेल, जितेंद्र सिंह और गौरव गोगोई के खिलाफ मानहानि का केस किया है, जिसमें 500 करोड़ के हर्जाने की मांग की गई है। सीएम सरमा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा,



एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के ज़रिए तीनों नेताओं ने जानबूझकर उनके खिलाफ झूठे और बदनाम करने वाले आरोप लगाए। उल्लेखनीय है कि 4 फरवरी को असम कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के परिवार ने राज्य में करीब 12,000 बीघा जमीन पर गैर-कानूनी तरीके ▸▸| शेष पेज 7 पर




### 'ऑनलाइन गेमिंग इकोसिस्टम' के नियमन की मांग की

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को निर्दलीय सदस्य कार्तिकेय शर्मा ने बच्चों के लिए डिजिटल मंच को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से ऑनलाइन गेमिंग के विकास से लेकर 'स्ट्रीमिंग' तक पूरे तंत्र को विनियमित करने की सरकार से मांग की। सदन में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए शर्मा ने 'ई-स्पोर्ट्स' को आधिकारिक खेल का दर्जा देने की भी मांग की।

### जेल गए राजपाल की मदद करेंगे सोनू सूद

**नई दिल्ली।** अभिनेता सोनू सूद ने चेक बाउंस मामले में तिहाड़ जेल प्राधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने वाले कॉमेडियन राजपाल यादव की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। उन्हें एक फिल्म में भूमिका के साथ अग्रिम राशि प्रदान करने की पेशकश की है। सूद ने फिल्म उद्योग से जुड़े अन्य लोगों से भी अपील की कि वे इस संकट की घड़ी में राजपाल यादव की मदद के लिए आगे आएं।

### अनुपम खेर के नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अभिनेता अनुपम खेर ने उनके नाम से बनाए गए कई फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को सतर्क किया है। उनसे ऐसे प्रोफाइल से आने वाले किसी भी अनुरोध को अनदेखा करने की अपील की है। खेर ने मंगलवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया।



# आटो चालक ने मारा था चाकू... कंधे की हड्डी काटकर कृत्रिम नस लगाकर डाक्टरों ने बचाया युवक का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आटो चालक के चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल मरीज का हाथ डाक्टरों की सजगता से बचा लिया गया। कंधे की हड्डी काटकर क्षतिग्रस्त स्थान पर कृत्रिम नस लगाकर युवक को अपंग होने से बचा लिया गया। बेहोशी की हालत में लाए गए मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद परिजन रेफर करवाकर ले गए थे, मगर निजी अस्पतालों की मनाही के बाद उसे पुनः आंबेडकर अस्पताल लाकर ऑपरेशन कराया।

- आंबेडकर अस्पताल के कार्डियक और आर्थोपेडिक सर्जन ने मिलकर किया ऑपरेशन

हरिभूमि सरोकार

इस ऑपरेशन को पूरा करने के लिए हृदय रोग के साथ हड्डी रोग विभाग के सर्जनों ने संयुक्त रूप से मेहनत की। चिकित्सकों के मुताबिक अमलेश्वर में रहने वाले 34 साल के युवक को बेसुध अवस्था में ट्रामा में लाया गया था। उसे कंधे पर चाकू से वार किया गया था, जहां से लगातार खून बह रहा था। प्राथमिक उपचार के बाद रक्तप्रवाह तो रुक गया था, मगर हाथ काला पड़ने लगा था और उसकी ताकत खत्म होने लगी थी। इमरजेंसी के डाक्टरों ने शीघ्र ऑपरेशन की जरूरत बताई थी। परिवार वाले उसे अपनी जिम्मेदारी में निजी अस्पताल ले गए थे, मगर वहां युवक का ऑपरेशन करने से मना कर दिया गया। इसके बाद मरीज को वापस आंबेडकर अस्पताल लाया गया। यहां हार्ट चेस्ट एंड वैस्कुलर विभाग और हड्डी रोग विभाग के डाक्टरों ने मिलकर मरीज का ऑपरेशन पूरा किया। चाकू के हमले में कटी सबक्लेवियन नामक नस को जोड़ने के लिए कृत्रिम नस की मदद ली गई। क्षतिग्रस्त हिस्से तक पहुंचने के इसके पहले कॉलर बोन को काटकर रास्ता बनाया गया। इस जटिल ऑपरेशन को पूरा करने वालों में हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. प्रणय श्रीवास्तव, डॉ लोमेश साहू, एनेस्थेटिस्ट डॉ. संकल्प दीवान, डॉ. बालस्वरूप साहू, जूनियर डॉक्टर आयुषी खरे, ख्याति, , आकांक्षा साहू, संजय त्रिपाठी, ओमप्रकाश शामिल रहे।



### गाड़ी टकराने पर हुआ था झगड़ा

परिजनों ने सीटीवीएस विभागाध्यक्ष डा. कृष्णकांत साहू को बताया था कि युवक परिवार के साथ बाइक में रेलवे स्टेशन की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक इलेक्ट्रानिक आटो से उसकी गाड़ी टकरा गई थी। इस पर विवाद बढ़ा और आटो चालक ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू का वार बाएं कंधे पर लगा जो इतना गहरा था कि हड्डी (क्लेविकल बोन) के पीछे से गुजरने वाली मुख्य धमनी सबक्लेवियन आर्टरी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चाकू लगते ही खून का फौवारा छूटा और युवक बेसुध होकर गिर पड़ा था।

### चार घंटे की सर्जरी, लगा 5 यूनिट ब्लड

डा. कृष्णकांत साहू ने बताया कि कॉलर बोन को काटने के बाद पाया गया कि धमनी लगभग 3 सेमी तक पूरी तरह क्षत-विक्षत हो चुकी थी। इसे जोड़ने के लिए 7 इनटू 30 मिमी. साइज का डेक्रॉन ग्राफ्ट लगाया गया। सर्जरी के दौरान लगभग 5 यूनिट रक्त चढ़ाया गया और करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हाथ में पुनः रक्त प्रवाह शुरू हो सका। इस दौरान ब्रैकियल प्लेक्सस को पूरी तरह सुरक्षित रखा गया, क्योंकि इसमें क्षति होने पर हाथ में स्थायी लकवा की आशंका रहती है। वर्तमान में मरीज पूरी तरह स्वस्थ है और अपने रोजमर्रा के कार्यों में लौट चुका है।

# छग के तीन परिवार जम्मू के ईंटभट्ठा में बंधक सालभर बाद छूट कर अब करेंगे वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के तीन मजदूर परिवार जम्मू कश्मीर के ईंट भट्टा में काम करने के लिए ले जाए जाने के बाद वहां बंधक बना लिए गए थे, करीब एक साल तक वहां बंधक रहने और अब नेशनल कैंपेन कमेटी फॉर इरेडिकेशन ऑफ बॉन्डेड लेबर (एनसीसीईबीएल) संस्था के प्रयास से छूटे हैं, ये लोग कल सुबह कश्मीर से दिल्ली आएंगे। वहां से इनकी छत्तीसगढ़ में एक-दो दिनों बाद वापसी होगी। एनसीसीईबीएल के अनुसार यह मामला छत्तीसगढ़ के रहने वाले उन खेतिहर मजदूरों का है जो छत्तीसगढ़ में धान की खेती करते है और वर्षभर काम न मिलने के कारण ईंट पथाई के लिए जम्मू कश्मीर की तरफ जाने को मजबूर हो जाते है। छत्तीसगढ़ के श्रमिक पिछले 1 वर्ष से भी अधिक समय से जम्मू जिले के ईंट-भट्टों में बंधुआ मजदूरी, जबरन श्रम एवं मानव तस्करी के जाल में फंसे हुए थे।



### घर लौटने की अनुमति नहीं दी गई

संस्था के मुताबिक लगभग चार माह कार्य पूरा करने के बाद जब श्रमिक घर लौटने को तैयार थे, तो प्रधान नियोक्ताओं ने उन्हें रोक लिया और जाने की अनुमति नहीं दी। वैध मजदूरी का भुगतान करने के बजाय, गोलू सरदार ने श्रमिकों को अवैध रूप से दूसरे ठेकेदार कौशल सरदार को, कंजीकुंग, श्रीनगर, जम्मू एवं कश्मीर में स्थानांतरित कर दिया, ताकि कथित बकाया राशि की वसूली की जा सके।

### एक जगह से दूसरी जगह ले जाते रहे

जुलाई 2025 से अक्टूबर 2025 के बीच, श्रमिकों को कौशल सरदार द्वारा ग्राम बोनी, जिला अनंतनाग, कश्मीर स्थित ईट भट्टा में काम के लिए तस्करी कर भेजा गया, जहां प्रधान नियोक्ता का नाम वर्तमान में मजदूरों को याद भी नहीं है। इस अवधि के दौरान महिलाएं एवं बच्चे सहित सभी श्रमिक लगातार ईंट-भट्ठा स्थल पर कार्यरत रहे तथा कौशल सरदार एवं प्रधान नियोक्ता के पूर्ण नियंत्रण में रहे।

### इस तरह फंसे थे ठेकेदार के जाल में

निर्मल गोराना कनवीनर नेशनल कैंपेन कमेटी फॉर इरेडिकेशन ऑफ बॉन्डेड लेबर दिल्ली के अनुसार एक वर्ष पूर्व ठेकेदार द्वारा अनिश शांते को 40 हजार रुपए अजय को 74, हजार व श्रीराम को 1 लाख 50 हजार की अग्रिम राशि दी गई थी। फरवरी 2025 में श्रमिकों की भर्ती गोलू सरदार, निवासी ग्राम जरा, जिला सक्ती, छत्तीसगढ़ द्वारा की गई थी तथा उन्हें 2मार्च 2025 को छत्तीसगढ़ से जम्मू ले जाया गया था। बताया गया है कि इन श्रमिक परिवारों को काम पर रखने के बाद ठेकेदार नियोक्ता ने एक हजार रुपए प्रति एक हजार ईट के लिए देने की बात तय हुई थी, लेकिन पांच महीने तक काम कराने के बाद इनकी मजदूरी में कटौती करके 900 रुपए प्रति हजार ईट के लिए दिए गए। इस जानबूझकर की गई कम गणना से तीनों परिवारों को कुल 1 लाख 60 हजार रुपए मजदूरी की हानि हुई। यह राशि मजदूरी में हेराफेरी कर कृत्रिम रूप से बनाई गई तथा श्रमिकों को मजबूर कर आगे और श्रम कराने हेतु इसे झूठे कर्ज के रूप में दिखाया गया।

### जम्मू के अफसरों ने कोई कार्रवाई नहीं की, ठेकेदार ने पिटवाया

इस मामले की जानकारी छत्तीसगढ़ बनिहार संघ के रामेश्वर कुमार ने नेशनल कैंपेन कमेटी फॉर इरेडिकेशन ऑफ बॉन्डेड लेबर को दी। नेशनल कैंपेन कमेटी फॉर इरेडिकेशन ऑफ बॉन्डेड लेबर ने 7 फरवरी, 2026 को ईमेल कर डीसी जम्मू, एसएस पी जम्मू को शिकायत भेजी ओर फोन पर संपर्क किया फिर डीसी जम्मू कार्यालय की ओर से जांच के आदेश जारी हुए। 9 फरवरी, 2026 को नेशनल कैंपेन कमेटी फॉर इरेडिकेशन ऑफ बॉन्डेड लेबर की लीगल टीम जम्मू के डीसी, एडीसी, असिस्टेंट लेबर कमिश्नर से मिली किंतु प्रशासन ने शिकायतकर्ता को रेस्क्यू में जाने से रोक लिया। असिस्टेंट लेबर कमिश्नर ने मौके पर पहुंच कर जांच की। जैसे ही असिस्टेंट लेबर कमिश्नर लौटने लगी तो ठेकेदार सहित गुंडों का पूरा काफिला मजदूरों को पीटने लगा। फिर असिस्टेंट लेबर कमिश्नर मौके पर पहुंची और रात में ही मजदूरों को कार्यस्थल से हटाया गया और मजदूरों के हस्ताक्षर किसी पेपर पर लिए जाएं है।

## शराबी सहायक शिक्षक किया गया निलंबित

**जगदलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल द्वारा सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला फाफनी विकासखण्ड-बस्तर अंशुराम कमार को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। अंशुराम कमार सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला फाफनी विकासखण्ड-बस्तर के द्वारा नियमित शराब सेवन कर अध्यापन कार्य करने एवं निर्देशों की अवहेलना, लापरवाही की शिकायत मिली थी।

# घर के बाथरूम में जली हालत में मिली शिक्षिका की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर में सेक्टर 8 सड़क नंबर 11 निवासी रजनी देवांगन (50 साल) की उनके घर के बाथरुम में जली हुई हालत में लाश मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा।

भिलाई नगर सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना के समय घर पर कोई नहीं था। जांच के लिए फॉरेसिंक टीम को बुलाया गया। रजनी कक्षा पहली से 12वीं के स्टूडेंट्स को ट्यूशन पढ़ाती थी। वह परिवार से काफी संपन्न थी। रजनी का बेटा जिला अस्पताल दुर्ग में डॉक्टर है और बेटी एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। उसके पति प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर हैं। परिजनों का कहना है कि जब वो घर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो दूसरे रास्ते से घर के भीतर जाकर देखा तो रजनी की जली लाश बाथरूम में पड़ी थी। पुलिस को घटना स्थल से माचिस की तिल्ली और जली हालत में प्लास्टिक का दरवाजा मिला।

### जांच के बाद पता चलेगा कारण

महिला के जलने के मिलने में जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया महिला की मौत जलने से होना लग रहा है। मौत का सही कारण पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद पता चलेगा। साक्ष्यों को जुटाया जा रहा है।

सत्य प्रकाश तिवारी, सीएसपी

### बंदूक छोड़ थामा जीवनसाथी का हाथ, कहा-अब चैन के साथ जीवनयापन करेंगे

# राजिम कुंभ कल्प में 4 आत्मसमर्पित नक्सली जोड़ा विवाह के बंधन में बंधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

समाज के मुख्यधारा से भटककर नक्सली बनना जीवन की सबसे बड़ी गलती थी। इस संगठन में जंगल-जंगल भटकने तकलीफ पाने और हर हमेशा डर और भय के साये में जी रहे थे। अब उन्हें इस कीमती जीवन का एहसास हो रहा है जब वे आत्मसमर्पण किए। ऐसे चार आत्मसमर्पित नक्सली जोड़ों भीमा भोगम-पायकी कारम, रमेश ओयम-देवे मड़कम, भीमा मंडावी-जुनकी मरकाम, संतु जुर्री-मंजुला मुचाकी आज परिणय सूत्र में बंधे। मंगलवार दोपहर मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान कार्यक्रम में सात फेरे लेने के बाद मंच पर पहुंचे तो चर्चा में बताया कि दो जोड़े सुकमा जिले, एक जोड़ा बीजापुर जिला और एक जोड़ा कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा क्षेत्र के रहने वाले है जो 12-13 साल से गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के पहाड़ी हिस्से आमामौरा, कुकरार, नगरार, ओड़ क्षेत्र में नक्सली संगठन में काम करते रहे। इस सरकारी आयोजन ने उनकी गृहस्थी बसा दी। अब वे चैन के साथ जीवनयापन करेंगे। नक्सली संगठन में रहने के दौर में वे कितना कष्ट पाए, कहां-कहां भटके, डर के साए में जिए, न रात चैन न दिन चैन। हर समय मौत सामने खड़ी नजर आती थी। ऐसे अनेको किस्से बातचीत के दौरान बताया। यहां तक कि उनके लीडर चलपति जो पुलिस मुठभेड़ में मारा गया उस समय भी वे उनके साथ थे। उनके सर पे गोली भी लगी लेकिन वे बच गए। तब उन्होने उसी समय ठान लिए कि वे आत्मसमर्पण करेंगे। बता दें कि राजिम कुंभ कल्प मेला ने उनकी तकदीर और तस्वीर बदल दी है।





रायपुर
बुधवार 11 फरवरी 2026
फाल्गुन कृष्ण पक्ष नवमी
वर्ष : 24, अंक : 202
पृष्ठ : 12+4+4 =20, मूल्य : 5.00**


मौसम
अधि. 31.3
न्यून. 15.9


# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


### शादी का दिया न्योता



**नई दिल्ली।** भारत रत्न सचिन तेंदुलकर मंगलवार को अपने परिवार के साथ नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले और उन्हें अपने बेटे अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक की शादी का व्यक्तिगत निमंत्रण दिया। सचिन ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को भी न्योता दिया।

# अंकित बने बोर्ड के पहले सीईओ, अब बढ़ेगी एससीआर की रफ्तार, पहली बैठक में तय होगी दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण यानी एससीआर की पहली बैठक होगी। खास बात ये है कि एससीआर के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में वरिष्ठ आईएएस अंकित आनंद की नियुक्ति की गई है। बोर्ड की पहली बैठक में एससीआर के कामकाज की दिशा तय होगी। इसके बाद सीईओ के नेतृत्व में दिशा-निर्देश के अनुरूप एससीआर का कामकाज तेज होगा।

खास खबर

## अब जल्द ही आकार लेना शुरू करेगा एससीआर, बोर्ड की पहली बैठक में तय होंगे दिशा-निर्देश

### राज्य शासन ने जारी किया आदेश

एससीआर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रुप में वरिष्ठ आईएएस अंकित आनंद की नियुक्त का आदेश राज्य शासन के समान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2006 बैच के अधिकारी अंकित आनंद एससीआर के पहले सीईओ नियुक्त होने वाले अधिकारी बन गए हैं। श्री आंनद वर्तमान में सचिव आवास एवं पर्यावरण है, अतिरिक्त प्रभार के रूप में उनके पास सचिव इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, सचिव वाणिज्यिक एवं पंजीयन और अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल का भी अतिरिक्त प्रभार है।



### अब आकार लेगा सीएसआर

छत्तीसगढ़ का राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण(एससीआर) में मुख्य कार्यपालन अधिकारी की नियुक्ति के बाद अब इसके कामकाज में तेजी आने की संभावना बनी है। हालांकि इससे पहले मुख्यमंत्री और चार मंत्रियों के साथ एससीआर बोर्ड का गठन किया जा चुका है।

### बोर्ड की पहली बैठक सीएम की अध्यक्षता में

सीएसआर के लिए सीईओ की नियुक्ति के बाद अब मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाले बोर्ड की पहली बैठक होगी। हालांकि अभी इसकी तारीख तय नहीं है, लेकिन ये तय है कि बोर्ड की पहली बैठक में ही सीएसआर के कामकाज को आगे बढ़ाने के लिए दिशा-निर्देश तय होंगे। इसका क्रियान्वयन सीईओ के माध्यम से करवाया जाएगा।

### सबसे पहले होगा ये काम

सूत्रों के अनुसार बोर्ड की बैठक में एससीआर के लिए बड़े प्रोजेक्ट की परिकल्पना तैयार की जाएगी। एससीआर की आर्थिक जरुरतों को पूरा करने वाले बड़े प्रोजेक्ट लाए जाने की तैयारी की जाएगी। इस सिलसिले में एससीआर क्षेत्र में औद्योगिक अधोसंरचना का विकास, हाउसिंग के लिए नीति निर्माण, जैसे मामलों में बोर्ड के निर्देश के मुताबिक कामकाज को आगे बढ़ाने की तैयारी शुरू होगी।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सोमनाथ में पहुंच सकते हैं पांच लाख श्रद्धालु



**सोमनाथ।** गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर में इस सप्ताहांत महाशिवरात्रि उत्सव के दौरान लगभग पांच लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। पिछले महीने आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के बाद यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी उछाल देखा गया है।

### एक ही परिवार के पांच लोग मृत पाए गए



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के खप्परपुर गांव में मंगलवार को एक दंपति और उनके तीन नाबालिग बच्चे अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस ने कहा कि उन्हें संदेह है कि यह सामूहिक आत्महत्या का मामला है। पुलिस को परिवार के मुखिया द्वारा बनाया गया एक वीडियो और दीवार पर लिखे संदेश के अलावा एक सुसाइड नोट भी मिला है।

## सरकार के नए नियम 20 से, तीन घंटे में हटाना होगा कंटेंट

# माहौल बिगाड़ने वाले एआई वीडियो अब नहीं, डीपफेक का पर्दाफाश करेगा वॉटरमार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को डीपफेक सहित एआई (कृत्रिम मेधा) से तैयार और बनावटी सामग्री के प्रबंधन को लेकर ऑनलाइन मंचों के लिए सख्त नियम लागू किए हैं। इसके तहत एक्स और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को किसी सक्षम अधिकारी या अदालतों द्वारा निर्देशित की गई ऐसी किसी भी सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना होगा। सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में संशोधनों को अधिसूचित किया है। इसके जरिये औपचारिक रूप से एआई से तैयार और बनावटी कटेंट को परिभाषित किया गया है। ये नए नियम 20 फरवरी, 2026 से लागू होंगे। संशोधनों में 'ध्वनि, दृश्य या ध्वनि-दृश्य जानकारी' और 'बनावटी रूप से तैयार की गई जानकारी' को परिभाषित किया गया है, जिसमें ▶▶शेष पेज 7 पर

**एक्स और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों को हिदायत**

*आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई का इस्तेमाल करके बन रहे नकली वीडियो और तस्वीरें कई बार चुनौती बढ़ा देते हैं। सरकार ने डीपफेक सहित एआई से तैयार कंटेंट को लेकर ऑनलाइन मंचों के लिए सख्त नियम तय किए हैं, जो 20 फरवरी से लागू होंगे। एक्स और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को आपत्तिजनक सामग्री को 3 घंटे के भीतर हटाना होगा। नियमों के तहत एआई कंटेंट पर वॉटरमार्क लगाना होगा।*

## एआई से तैयार और बनावटी कंटेंट को किया गया परिभाषित

### नियमों का ड्राफ्ट तैयार

रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय में एडिशनल सेक्रेटरी व इंडिया एआई मिशन के सीईओ अभषिक सिंह ने बताया है कि एआई कंटेंट पर वॉटरमार्क लगाने के लिए नियमों का ड्राफ्ट तैयार किया गया है। उन्होंने कहा है कि ऐसा करना इसलिए जरूरी है क्योंकि एआई का गलत इस्तेमाल करके साइबर अपराधों को अंजाम दिया जा रहा है।




### अनिवार्य लेबलिंग

नियमों में एआई सामग्री के लिए अनिवार्य लेबलिंग की आवश्यकता है। सिंथेटिक सामग्री के निर्माण या साझाकरण को सक्षम करने वाले प्लेटफॉर्म को यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी सामग्री स्पष्ट रूप से और प्रमुखता से लेबल की गई हो और जहां तकनीकी रूप से संभव हो, स्थायी मेटाडेटा या पहचानकर्ताओं के साथ एम्बेड की गई हो।

### इससे क्या फायदा होगा?

रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा एआई वीडियो जिससे कानून व्यवस्था के बिगड़ने का खतरा हो। समाज में अशांति फैलने का डर हो या बच्चों के यौन शोषण से जुड़े वीडियो, उन्हें रोकने में मदद मिलेगी। हाल के दिनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें एआई का गलत इस्तेमाल करके लोगों की छवि बिगाड़ने की कोशिश की गई। रश्मिका मंदाना का एआई वीडियो हो या आलिया भट्ट का फेक वीडियो।

### नियम तोड़ा तो होगी कार्रवाई

अगर कोई सोशल मीडिया कंपनी इन नियमों का पालन नहीं करती है, तो उसे आईटी एक्ट की धारा 79 के तहत मिलने वाली सेफ हार्बर सुरक्षा खोनी पड़ सकती है। इसका मतलब है कि प्लेटफॉर्म पर मौजूद गैर कानूनी कॉन्टेंट के लिए कंपनी को सीधे जिम्मेदार ठहराया जा सकेगा और कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।

**रिपोर्ट में खुलासा**

### एआई के उपयोग में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर

एआई अपनाने के मामले में दुनिया में एक बड़ी ताकत बनकर उभरा है। एंटरप्राइज एआई/एमएल लेनदेन के मामले में भारत अब अमेरिका के बाद वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है। क्लाउड सुरक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी 'जेडस्केलर' की एक ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। 'जेडस्केलर थ्रेटलैब्ज 2026 एआई सुरक्षा रिपोर्ट' के ये निष्कर्ष राजधानी में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' से ठीक एक सप्ताह पहले आए हैं। इस सम्मेलन में एनवीडिया के जेन्सेन हुआंग, ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन, गूगल के सुंदर पिचाई, एंथ्रोपिक के डारियो अमोदेई और क्वालकॉम के क्रिस्टियानो आमोन जैसे विश्व के प्रौद्योगिकी दिग्गजों, नीति-निर्माताओं और नवोन्मेषकों के शामिल होने की उम्मीद है। जेडस्केलर ने रेखांकित किया कि भारत में एआई की स्वीकार्यता की मजबूत गति के बावजूद सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियां बनी हुई हैं। इनमें 'एजेंटिक एआई' का हथियार के तौर पर इस्तेमाल और नवाचार तथा सुरक्षा उपायों के बीच बड़ा अंतर शामिल है।

# आकाश झूले की कुर्सी टूटकर गिरी, नीचे खड़ी दो युवतियां घायल

**शिवरीनारायण मेले में हादसा**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| शिवरीनारायण

शिवरीनारायण माघी मेले में आकाश झूले की कुर्सी अचानक टूटकर गिर गई। इस दौरान नीचे खड़ी दो युवती उसकी चपेट में आकर घायल हो गई। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया, जहां एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

माघी पूर्णिमा से लगने वाला शिवरीनारायण का प्रसिद्ध मेला इन दिनों पूरे शबाब पर है। यहां प्रतिदिन हजारों की तादाद में लोगों की भीड़ पहुंच रही है। मेला में कई तरह के झूले और मनोरंजन के साधन आए हैं। मंगलवार 10 फरवरी को भी मेले में काफी भीड़ थी। शाम करीब 4 बजे नगर पंचायत के सामने संचालित आकाश झूला में एक हादसा हो गया। चलते झूले की एक कुर्सी टूटकर गिर गई। मेला देखने पहुंची ग्राम मल्दा के दो युवती झूले के नीचे खड़ी थी। आकाश झूला की कुर्सी गिर गई, ▶▶शेष पेज 7 पर

### हजारों की भीड़

उल्लेखनीय है कि मेले में मौत कुआं, झूला के साथ कई तरह के साधन आए हैं। आनंद देखने लोगों की भीड़ हजारों की संख्या में पहुंच रही है। खास करके मेले में आए झूले और मौत का कुआं लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होता है। ऐसे में मंगलवार को हवाई झूला की कुर्सी टूटकर गिरने और दो युवतियों के घायल होने की घटना ने यहां की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है।






# नरवणे ने तोड़ी चुप्पी, राहुल बोले-पूर्व सेना प्रमुख पर मुझे भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की अप्रकाशित किताब के लीक होने के मामले में बवाल मचा हुआ है। पूर्व सेना प्रमुख जनरल (रिटायर) एमएम नरवणे ने मंगलवार को अपनी आत्मकथा "फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी" को लेकर चल रहे विवाद के बीच पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया की सफाई साझा की। जनरल एमएम नरवणे ने अब पब्लिशर के इसी बयान को एक्स पर शेयर कर लिखा, ये किताब का स्टेटस है। इस बीच, दिल्ली पुलिस की एफआईआर और पेंग्विन ▶▶शेष पेज 7 पर



## शेयर किया पेंगुइन पब्लिकेशन का बयान, कहा-यही स्टेटस


### राहुल ने कही यह बात

संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए गांधी ने नरवणे की 2023 की सोशल मीडिया पोस्ट (तत्कालीन ट्विटर पर) पढ़कर सुनाई, जिसमें लिखा था, दोस्तों। मेरी किताब अब उपलब्ध है। बस लिंक पर क्लिक करें। पढ़ने का आनंद लें।



### पेंग्विन इंडिया ने कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी

दरअसल पेंग्विन इंडिया ने एक बयान जारी कर साफ किया है कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब का प्रकाशन रोक दिया गया था। किताब की कोई भी प्रति सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं है।




### कार्रवाई की मांग

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने दिल्ली पुलिस की एफआईआर पर कहा, पेंग्विन इंडिया ने बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने किताब प्रकाशित और जारी नहीं की और अगर किसी ने किताब लीक की है, तो वे इसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।



### भाजपा ने राहुल को घेरा

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने भी इस मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के बयान में विरोधाभास है। भंडारी के मुताबिक, राहुल गांधी कहते हैं कि वे पूर्व सेना प्रमुख की बात पर भरोसा करते हैं, लेकिन अब खुद जनरल नरवणे ने प्रकाशक की सफाई दोहराई है कि किताब अब तक प्रकाशित ही नहीं हुई है।




दुनियाभर के टेक लीडर्स का राजधानी दिल्ली में लगेगा जमावड़ा

# इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होंगे गेट्स, पिचाई, ऑल्टमैन

## 16 से 20 फरवरी तक राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित होगा यह आयोजन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत सरकार द्वारा घोषित एआई इंडिया इम्पैक्ट समिट 2026 नई दिल्ली में आयोजित होने जा रहा है। यह सम्मेलन 16 फरवरी से 20 फरवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा। खास बात यह है कि यह एआई समिट ऐसे महत्वपूर्ण समय पर आयोजित किया जा रहा है जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आर्थिक विकास और सरकारी कामकाज के लिए तेजी से जरूरी होती जा रही है।

### ये होंगे कार्यक्रम में शामिल

गौर करने वाली बात है कि टेक इंडस्ट्री के कई बड़े लीडर्स इस समिट में शामिल होंगे। इनमें गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, एनविडिआ के फाउंडर जेन्सेन हुआंग, गूगल डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हसाबिस, माइक्रोसॉफ्ट के प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ और क्वालकॉम के सीईओ क्रिस्टियानो एमॉन जैसे कई बड़े नाम शामिल हैं। वहीं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेक्टर के भी कई बड़े नाम जैसे ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन भी इस इवेंट में हिस्सा लेंगे। नीति और संस्थागत मोर्चे पर, बिल गेट्स, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सीईओ बोर्गे ब्रेंडे और आईबीएम, क्रिएटिव कॉमन्स और इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ प्राइवेसी प्रोफेशनल्स जैसे संगठनों के लीडर्स भी भाग लेने वाले हैं। यह पांच दिवसीय कार्यक्रम भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा और इसमें 30 से अधिक देशों के हजारों प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है।

**30 से अधिक देशों के हजारों प्रतिनिधि होंगे शामिल**



**इनके शामिल होने की उम्मीद :** भारत के कारोबारी जगत के नेता जैसे रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी, भारती एंटरप्राइजेज के सुनील भारती मित्तल और इंफोसिस के नंदन नीलेकणी के भी इस इवेंट में शामिल होने की उम्मीद है। इसके अलावा इंफोसिस, एचसीएलटेक, इंटेल इंडिया, एडोब इंडिया और रेजरपे के शीर्ष अधिकारी भी भाग लेंगे।

### क्यों महत्वपूर्ण है यह समिट

*भारत अपने विकास के सफर के एक महत्वपूर्ण चरण में है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक प्रमुख इनेबलर के रूप में उभर रहा है। भारत के लिए एआई को एक रणनीतिक राष्ट्रीय उपकरण (स्ट्रेटिक नेशनल टूल) के रूप में काम करना होगा जो टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण को बढ़ावा दे और बड़े पैमाने पर एक्सेस, इन्क्लूज़न और समानता सुनिश्चित करे। यह टेक्नोलॉजी क्रांति टेक इंडस्ट्री के हर क्षेत्र में प्रगति के लिए व्यापक अवसर ऑफर करेगी।*

### समिट का मूल सिद्धान्त

सरकार के अनुसार, इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 तीन आधारभूत स्तंभों द्वारा संचालित है जिन्हें **Sutras** कहा जाता है। ये सूत्र एआई पर वैश्विक सहयोग का मार्गदर्शन करने वाले मूल सिद्धांतों को स्पष्ट करते हैं। जैसे- लोग : ह्यूमन-फोकस्ड एआई को बढ़ावा देना जो अधिकारों की रक्षा करे, सर्विसेज तक एक्सेस को बेहतर बनाए, ट्रस्ट बिल्ड करे और समाज के सभी वर्गों में समान लाभ सुनिश्चित करे। पृथ्वी : ऊर्जा की बचत करने वाली प्रणालियों को बढ़ावा देकर, संसाधनों का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करके और जलवायु व पर्यावरण की सुरक्षा में मदद करने वाले एआई का विकास करना। प्रगति : इनोवेशन और कौशल बढ़ाकर तथा एआई की मदद से काम की गति और विकास को बढ़ाते हुए, आर्थिक और तकनीकी तरक्की को सभी लोगों तक पहुंचाना।

### 10 हजार पुलिसकर्मी होंगे तैनात

राष्ट्रीय राजधानी में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित 'इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 10,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया, 'भारत मंडपम के आसपास और निकटवर्ती इलाकों में ही दिल्ली पुलिस के 10,000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया जाएगा। इनमें जिला पुलिस बल, यातायात पुलिस, विशेष इकाइयां और आरक्षित बल शामिल होंगे।'

---

## खबर संक्षेप

### 31 साल पुराना मामला पप्पू को जमानत

**पटना।** 31 साल पुराने मामले में पप्पू यादव को जमानत मिल गई।



मिली जानकारी के अनुसार, एम पी एम एल ए कोर्ट ने पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को जमानत दे दी है। आज पेशी के लिए पप्पू यादव सुबह 12 बजे से ही जेल से कोर्ट आ गए थे लेकिन सुनवाई 2 बजे से शुरू हुई। कोर्ट ने पप्पू यादव के वकील की दलील सुनने के बाद जमानत दे दी. बता दें कि कोर्ट में पप्पू यादव व्हील चेयर से पहुंचे थे। हालांकि अभी एक और मामले में जमानत पर सुनवाई होनी है। उस पर थोड़ी देर में बहस होंगी।

### अनिल,टीना अंबानी को भेजा गया नया समन

**नई दिल्ली।** ईडी ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी और उनकी पत्नी टीना अंबानी के खिलाफ बड़ी कारवाई शुरू की है। ईडी ने दोनों को मनी लॉन्ड्रिंग और बैंक धोखाधड़ी से जुड़े एक गंभीर मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा है। समन के मुताबिक, टीना अंबानी को 17 फरवरी और अनिल अंबानी को 18 फरवरी 2026 को एजेंसी के सामने पेश होना होगा। यह पूरा मामला अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली कंपनियों द्वारा बैंकों से लिए गए लगभग 40,000 करोड़ रुपये के कर्ज और उसकी कथित हेराफेरी से जुड़ा है।

---

**विदेश मंत्रालय के आंकड़ों से खुलासा**

### 2025 में दर्ज हुईं 350 शिकायतें, इनमें 200 कंप्लेंट रूस से

# दुनियाभर में भारतीय छात्रों से शोषण भेदभाव के मामले में रूस सबसे आगे

*पिछले दिनों मास्को यूनिवर्सिटी में 4 भारतीय छात्रों के साथ हुई थी चाकूबाजी*

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों में खुलासा हुआ है कि भारतीय छात्रों का सर्वाधिक शोषण रूस में होता है। दुनिया भर में भारतीय छात्रों द्वारा दर्ज शोषण और नस्लीय भेदभाव की कुल शिकायतों में से 50% से अधिक रूस से आती हैं। पिछले साल यानी 2025 में 196 देशों से कुल 350 शिकायतें की थीं, जिनमें से 200 से ज्यादा अकेले रूस से थीं। बता दें, पिछले दिनों 7 फरवरी को मास्को की बश्किर स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी के हास्टल में भारतीय छात्रों पर चाकू से हमला हुआ था। इसमें चार भारतीय छात्र घायल हो गए थे। इस घटना के बाद रूस में पढ़ रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षा और परेशानियों का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में आ गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन सालों में इन शिकायतों की संख्या लगातार बढ़ी है। साल 2023 में 68 शिकायतें दर्ज हुई थीं। 2024 में यह संख्या बढ़कर 78 हो गई और 2025 में बढ़कर 201 तक पहुंच गई।

#### इन राज्यों के छात्रों की पसंद

रूस में पढ़ने वाले ज्यादातर भारतीय मेडिकल छात्र राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु से आते हैं। कम फीस और आसानी से एडमिशन मिलने की वजह से रूस लंबे समय से मेडिकल की पढ़ाई के लिए भारतीय छात्रों की पसंद रहा है। लेकिन अब वहां से लगातार शिकायतें सामने आने लगी हैं, जिससे छात्रों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।




#### यूनिवर्सिटीज पर भी परेशान करने का आरोप

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई छात्रों का कहना है कि उन्हें दूसरे देशों के छात्रों की तरफ से अक्सर भेदभाव झेलना पड़ता है। छात्रों का आरोप है कि कई बार यूनिवर्सिटी प्रशासन भी उन्हें मानसिक रूप से परेशान करता है। छोटी-छोटी बातों पर कॉलेज से निकालने की धमकी दी जाती है। वीजा और पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं के डर की वजह से कई छात्र खुलकर अपनी परेशानी बता भी नहीं पाते। मॉस्को की बश्किर स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर चुके एक छात्र ने मीडिया को बताया कि उनके हॉस्टल की रसोई में मामूली कहासुनी के बाद कुछ विदेशी छात्रों ने भारतीय छात्रों पर हमला कर दिया था और चाकूबाजी को अंजाम दिया था।

#### अक्सर होता है नस्लीय भेदभाव

फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स से जुड़े संगठनों का कहना है कि रूस में भारतीय छात्रों के साथ नस्लीय भेदभाव आम बात हो गई है। कई बार छात्रों के साथ गाली-गलौज भी होती है और जब वे इसकी शिकायत करते हैं तो यूनिवर्सिटी प्रशासन की तरफ से उन्हें सही मदद नहीं मिलती। छात्रों का यह भी कहना है कि नियमों के अनुसार एक यूनिवर्सिटी में करीब 200 विदेशी छात्रों को ही एडमिशन दिया जाना चाहिए, लेकिन कुछ यूनिवर्सिटिज 1,200 से भी ज्यादा छात्रों को दाखिला दे देती हैं। बाद में इन्हीं छात्रों को, कई बार छठे साल में भी पढ़ाई से बाहर कर दिया जाता है। इससे छात्रों को भारी आर्थिक नुकसान होता है और वे मानसिक तनाव में भी आ जाते हैं।

#### 50% घटी रूस जाने वाले छात्रों की संख्या

हालात बिगड़ने की वजह से अब कई भारतीय छात्र रूस की जगह कजाखस्तान और किर्गिस्तान जैसे देशों में पढ़ाई करना ज्यादा सुरक्षित मान रहे हैं। फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनोज कुमार ने मीडिया बताया कि इन सब दिक्कतों की वजह से पिछले कुछ सालों में रूस जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 50% घट गई है। उन्होंने यह भी कहा कि 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से सुरक्षा और पढ़ाई को लेकर अनिश्चितता बढ़ी है, जिससे छात्रों का भरोसा और कम हुआ है।

---

# बांग्लादेश में चुनाव से पहले एक और हिंदू कारोबारी की हत्या

### दुकान में घुसकर मारा, नकदी भी लूटी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बांग्लादेश में 12 फरवरी 2026 को चुनाव होने वाले हैं, लेकिन उससे पहले हिंदुओं के खिलाफ हिंसा में कोई कमी नहीं आई है। बांग्लादेश में आम चुनाव से 48 घंटे पहले मैमनसिंह जिले के त्रिशाल उपजिला में एक और हिंदू कारोबारी की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 62 साल के सुशेन चंद्र सरकार के तौर पर हुई है, जो त्रिशाल में एमएस. भाई-भाई एंटरप्राइजेज नाम का बिजनेस चलाते थे।

मृतक के परिवार ने आरोप लगाया कि बदमाश कई लाख बांग्लादेशी टका भी लूट कर ले गए। बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट आईटीवी ने पीड़ित के परिवार और पुलिस के हवाले से बताया, 'बदमाशों ने उपजिले के बोगर बाजार चौराहे पर सरकार को एक धारदार हथियार से काटकर मार डाला और दुकान का शटर बंद करके उसे अंदर छोड़ दिया। बाद में परिवार वालों ने उसे खून से लथपथ हालत में देखा और उसे मैमनसिंह मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



#### 'किसी के साथ कोई दुश्मनी नहीं'

मृतक के बेटे सुजान सरकार ने बताया, 'हमारे साथ किसी की कोई दुश्मनी नहीं थी। मेरे पिता को बेरहमी से मारने के बाद बदमाश दुकान से कई लाख टका लूट लिए। हमारा चावल का बिजनेस लंबे समय से चल रहा था। हम इन हत्यारों के लिए कड़ी सजा की मांग करते हैं।' पुलिस ने कहा, 'बदमाशों ने रात करीब 11 बजे उन्हें (सुशेन चंद्र सरकार) एक धारदार हथियार से हमला कर मार डाला और फिर दुकान का शटर बंद कर दिया। परिवार वालों ने तलाशी के दौरान शटर खोला और उन्हें खून से लथपथ पाया। बाद में, सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का मुआयना किया।

#### मानवाधिकार संगठनों ने की निंदा

बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के सत्ता पर काबिज होने के साथ ही हिंदुओं समेत अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा बढ़ी है, जिससे दुनिया भर के लोगों और कई मानवाधिकार संगठनों ने निंदा की है।

---

**नारियल से मसालों तक, तटीय खेती और आजीविका को मिल रही मजबूती**

# कृषि अनुसंधान के एक रणनीतिक केंद्र के रूप में उभर रहा अंडमान



### छत्तीसगढ़ के पत्रकारों ने देखी इस द्वीप समूह की स्वदेशी कृषि विरासत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| श्री विजयपुरम/पोर्ट ब्लेयर

जलवायु परिवर्तन, चक्रवातों और तटीय पारिस्थितिकी की बढ़ती चुनौतियों के बीच अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह देश के लिए कृषि अनुसंधान के एक रणनीतिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। यहां नारियल और उष्णकटिबंधीय मसालों पर हो रहा वैज्ञानिक अनुसंधान न केवल जलवायु-सहनशील खेती को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि किसानों की आय, जैव-विविधता संरक्षण और स्वदेशी कृषि विरासत को भी नई दिशा दे रहा है। यह जानकारी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ( आ ई सी ए आ र – सीआईएआरआई), पोर्ट ब्लेयर में आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के रायपुर से आए पत्रकारों को दी गई। ये पत्रकार प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) द्वारा आयोजित अध्ययन एवं संपर्क दौरे पर अंडमान पहुंचे हैं, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय महत्व की विकासात्मक और अनुसंधान गतिविधियों से मीडिया को प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना है।

#### नारियल अंडमान की अर्थव्यवस्था की रीढ़

*संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अजीत वामन ने बताया कि नारियल अंडमान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और खाद्य सुरक्षा, आय सृजन तथा तटीय व जनजातीय समुदायों की पारंपरिक आजीविका में इसकी अहम भूमिका है। द्वीपीय परिस्थितियों—अधिक आर्द्रता, लवणीय मिट्टी, तेज चक्रवाती हवाएं और मौसमी जल संकट—को ध्यान में रखते हुए यहां स्थान-विशेष अनुसंधान किया जा रहा है, जिसके परिणाम देश के अन्य चक्रवात-प्रभावित तटीय राज्यों के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं।* ***यह है दौरे का मुख्य आकर्षण :*** *दौरे का प्रमुख आकर्षण विश्व नारियल जर्मप्लाज्म केंद्र रहा, जहां फिजी, सोलोमन द्वीप, टोंगा और अमेरिकन समोआ सहित कई देशों से लाई गई नारियल की बहुमूल्य आनुवंशिक सामग्री संरक्षित है। इसी आधार पर वैज्ञानिकों ने चार उन्नत किस्में विकसित की हैं, जिनमें बौनी किस्म 'द्वीप अन्नपूर्णा' विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह किस्म चार-पांच वर्षों में फलन शुरू कर देती है और प्रति पौधा 70 से 150 नारियल तक उत्पादन देती है।*

---

**भतीजे रोहित पवार ने साजिश का किया दावा**

# 'अजित पवार की मौत सिर्फ हादसा नहीं हो सकता'



**मुंबई।** एनसीपी नेता और राकांपा (शप) के विधायक रोहित पवार ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पिछले माह हुए विमान हादसे में उनके चाचा और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत किसी साजिश का हिस्सा हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक दुर्घटना नहीं थी और इस मामले में विशेषज्ञ एजेंसियों द्वारा विस्तृत और निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। रोहित पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "हमने अजित पवार के एक्सीडेंट से जुड़ी कुछ बातों की जांच की है। हादसे से एक दिन पहले, दादा को मुंबई से पुणे कार से आना था, लेकिन उन्होंने यह यात्रा क्यों टाल दी? उस दिन उन्हें एक बड़े नेता से मिलना था। पूरा महाराष्ट्र इस सवाल का जवाब चाहता है कि यह विमान हादसा था या कोई साजिश।" दावा किया कि उनके दादा राजनीतिक सलाहकार को हटाने वाले थे और पायलट की बदलती सूची संदिग्ध थी।


#### इन पर संदेह

रोहित पवार ने बुकिंग करने वाली कंपनी एरो, वीएसआर और पायलट सुमित कपूर पर गंभीर संदेह जताया। उन्होंने सभी विशेषज्ञ एजेंसियों द्वारा व्यापक जांच की मांग की, जिनमें भारतीय एजेंसियों के अलावा राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड, नागरिक विमानन सुरक्षा जांच एवं विश्लेषण ब्यूरो, और ब्रिटेन की विमान दुर्घटना जांच शाखा (एएआईबी) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के पास इस हादसे की पूरी जांच करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने घटनास्थल पर अजित पवार की घड़ी भी देखी, जो हमेशा 15 मिनट आगे रखी रहती थी।

---

**सीजेआई ने कहा, सुनवाई के लिए जल्द तय होगी तारीख**

# हिमंता शूटिंग वीडियो विवाद सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के विवादित वीडियो को लेकर सीपीआई (एम) और सीपीआई के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई और कहा कि कोर्ट इस याचिका पर सुनवाई के लिए तारीख तय करेगा। याचिका में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

असम बीजेपी एक्स हैंडल द्वारा जारी वीडियो में मुख्यमंत्री एक मुस्लिम लोगों की ओर राइफल ताने हुए दिखाई दे रहे थे। इस वीडियो के आधार पर वामपंथी नेताओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीनियर वकील निजाम पाशा ने मंगलवार को यह मामला चीफ जस्टिस सूर्यकांत के सामने मेंशन किया। उन्होंने कहा कि असम के मौजूदा मुख्यमंत्री के भाषणों और हाल में सामने आए वीडियो को लेकर सुप्रीम कोर्ट के तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी गई हैं, लेकिन अब तक किसी भी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

#### कांग्रेस ने पहले उठाया था वीडियो का मुद्दा

8 जनवरी को असम भाजपा के इस वीडियो को जारी कर सबसे पहले कांग्रेस ने यह मामला उठाया था। कांग्रेस ने कहा कि ये वीडियो अल्पसंख्यकों की टार्गेटेड पॉइंट-ब्लैंक हत्या को बढ़ावा देने जैसा है। वीडियो वायरल होने के बाद संगठन के प्रभारी कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक्स पर कहा- एक आधिकारिक बीजेपी हैंडल ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें अल्पसंख्यकों की टारगेटेड, पॉइंट-ब्लैंक हत्या दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि यह नरसंहार का आह्वान करने के अलावा और कुछ नहीं है।

---

**राष्ट्रीय राजमार्ग के डिब्रूगढ़-मोरान पर बनाई गई है यह**

# हाईवे पर इमरजेंसी एयरस्ट्रिप, लैंड करेंगे प्रधानमंत्री

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी 2026 को असम के मोरान में एक हाईवे पर बनी इमरजेंसी एयरस्ट्रिप पर उतर सकते हैं। यह पूर्वोत्तर भारत में पहली बार होगा जब कोई प्रधानमंत्री पारंपरिक एयरपोर्ट की बजाय हाईवे पर लैंड करेगा। असम मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि 14 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी 4.4 किमी के एयरस्ट्रिप के उद्घाटन के लिए मोरन आएंगे। मुख्य सचिव रवि कोटा ने कहा कि पीएम मोदी फाइटर एयरक्राफ्ट में मोरन हाईवे पर उतरेंगे। यह एयरस्ट्रिप राष्ट्रीय राजमार्ग के डिब्रूगढ़-मोरान हिस्से पर बनाई गई है।



#### ईएलएफ का रणनीतिक महत्व

भारत में ईएलएफ का विचार आपातकालीन स्थितियों के लिए है। उदाहरण के लिए युद्ध में अगर एयरपोर्ट क्षतिग्रस्त हो जाएं, तो हाईवे विकल्प बन सकते हैं। बाढ़ या प्राकृतिक आपदा में राहत सामग्री पहुंचाने के लिए। पूर्वोत्तर जैसे दूरदराज क्षेत्रों में यह सुरक्षा बढ़ाता है। सरकार ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और अन्य जगहों पर भी ईएलएफ बनाए हैं।

#### फाइटर विमानों का स्पेशल एरियल डेमो

पीएम मोदी का विमान सीधे हाईवे पर उतरेगा। इसके बाद उनकी मौजूदगी में राफेल और सुखोई लड़ाकू विमान एक स्पेशल एरियल डेमो करेंगे। इसमें विमान हाईवे से ही लैंडिंग और टेकऑफ दिखाएंगे। डेमो करीब 30-40 मिनट का होगा। यह इवेंट भारत की इमरजेंसी तैयारियों, पूर्वोत्तर के विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा को दिखाएगा। पीएम की यात्रा इंफ्रास्ट्रक्चर के दोहरे इस्तेमाल (सिविल-मिलिट्री) पर जोर देगी। यह डेमो एयरस्ट्रिप की क्षमता को प्रदर्शित करेगा। राफेल फ्रांस से खरीदे गए आधुनिक जेट हैं, जबकि सुखोई रूस से लिए गए हैं।

---

# बाथरूम में मिला एमबीबीएस छात्रा का शव, शरीर के पास ही खाली मिली एसिड बॉटल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपाल

भोपाल, एमपी में एमबीबीएस छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। गांधी मेडिकल कॉलेज की छात्रा रोशनी का शव बाथरूम में मिला। पास ही एसिड की बोतल भी मिली है। रोशनी ने पिछले साल ही अक्टूबर में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर में एडमिशन लिया था। जानकारी के मुताबिक रोशनी कुढे डे-स्कॉलर थी और कोहेफिजा थाना क्षेत्र में प्राइवेट हॉस्टल में रह रही थी। जब वह सुबह कॉलेज के लिए अपने कमरे से बाहर नहीं निकली, तो साथ पढ़ने वाले स्टूडेंट्स उसे बुलाने के लिए पहुंचे। छात्राओं के मुताबिक रोशनी को कई बार आवाज दी। उसे फोन कॉल किया, लेकिन रोशनी ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद पीजी के गार्ड को सूचना दी। गार्ड पहुंचा तो पहले कमरे और फिर बाथरूम का दरवाजा तोड़ा गया, जहां रोशनी पड़ी मिली। स्टूडेंट्स ने बताया कि रोशनी के पास एक खाली एसिड की बोतल भी पड़ी हुई थी। फौरन कॉलेज प्रबंधन को सूचना दी गई। रोशनी को सुबह करीब 8:30 बजे हमीदिया अस्पताल के इमरजेंसी मेडिसिन विभाग ले जाया गया।








# पड़ोसी को बिग बी ने घर बुलाकर जीत लिया दिल

**नई दिल्ली।** निर्मित जेसरानी पहली बार चर्चा में तब आए, जब उनके पड़ोसी महानायक अमिताभ बच्चन के 'संडे दर्शन' का एक वीडियो वायरल हुआ। वह घर की खिड़की से अमिताभ बच्चन को उनके फैंस को निहार रहे थे। इसके बाद मामला तब मजेदार हो गया, जब अमिताभ बच्चन ने भी पलटकर निर्मित को देखा और हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अब किस्मत इस पड़ोसी पर और मेहरबान हुई। बिग बी ने उन्हें सीधे अपने घर बुलाया। निर्मित ने इस बार जलसा के अंदर से संडे दर्शन देखा और इस रस्म को करीब से महसूस किया। यह सुनने में एक छोटी सी बात जरूर लग सकती है, लेकिन अमिताभ बच्चन के इस अंदाज ने उनका दिल छू लिया।

लाइफ Style

# मोनालिसा

## द डायरी ऑफ मणिपुर में मटकती-इठलाती दिखीं



महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा ने एक साल बाद प्रयागराज में माघ मेले में भी वापसी की। लेकिन, मोनालिसा ने बॉलीवुड में भी एक्ट्रेस के तौर पर वापसी की है। पिछले साल के बाद इंटरनेट पर सनसनी बन चुकीं माला बेचने वाली मोनालिसा एक्टर राजकुमार राव के भाई अमित राव के साथ फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आएंगी, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गांधीगिरी (2016) और शशांक (2023) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा की निर्देशित इस फिल्म को मोनालिसा की रील वायरल होने के बाद ही उन्हें ऑफर किया गया था। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद, टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने के लिए भी गई थी। अब इसका टीजर आउट हो चुका है। द डायरी ऑफ मणिपुर के टीजर की शुरुआत मोनालिसा से ही होती है। उसकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर उसका डांस और अदाएं सबकुछ देखने लायक है। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही है, जिसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। सारे एक्टर्स मंझे हुए लग रहे हैं। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा है। लोगों ने भी उनकी खूब तारीफ की है। ये मोनालिसा की पहली फिल्म है। इससे पहले सनोज मिश्रा ने फिल्म को लेकर जानकारी शेयर की थी और मोनालिसा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग चार चरणों में शुरू की – पहले इटावा (उत्तर प्रदेश) में, फिर मणिपुर में, जहां हमने कई जगहों पर फिल्म की शूटिंग की।

# नदिया के पार की गुंजा को 44 साल बाद पहचाना हुआ मुश्किल...



**नई दिल्ली।** अभिनेता सचिन पिलगांवकर के साथ फिल्म नदिया के पार में नजर आने वालीं अभिनेत्री साधना सिंह अपने समय में काफी लोकप्रिय रहीं। इस मूवी में गुंजा की भूमिका अदा कर उन्होंने देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाई। लेकिन अब चार दशक बाद वह कहां और क्या करती हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। बदलते वक्त के साथ-साथ अब उनका लुक भी काफी हद तक बदल गया है।

***बदला लुक*** : 1982 में रिलीज होने वाली नदिया के पार हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है। साधना सिंह ने बड़ी ही बेहतरीन तरीके से गुंजा के किरदार को अदा किया और अमर कर दिया। एक वक्त पर अपनी बेबाक खूबसूरती के लिए मशहूर होने वाली साधना का लुक काफी बहुत बदल गया है। साधना सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद उनकी इन लेटेस्ट तस्वीरों को देखकर ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ उनकी काया पूरी तरह पलट गई है। हालांकि, उनकी चेहरे की सादगी अब भी नदिया के पार के गुंजा की तरह बरकरार है। एक्टिंग के अलावा अब साधना सिंह एक फैशन डिजाइनर के तौर पर मुंबई में बुटीक भी चलाती हैं। आपको बता दें कि साधना ने फिल्म निर्माता राजकुमार शाहाबादी के साथ रचाई और इनकी एक बेटी भी है, जिसका नाम शानी शाहाबादी है। अपने परिवार के साथ साधना सिंह मायानगरी में हंसी खुशी रहती हैं।

### इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं

साधना सिंह ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में लंबी पारी खेली है। नदिया के पार से बतौर अभिनेत्री अपने करियर का आगाज करने वालीं साधना कई शानदार मूवीज में नजर आईं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- ससुराल, पिया मिलन, ये कैसा फर्ज, तुलसी, दुर्गा मां, परिवार, फलक, प्यार का सावन, मुक्केबाज, सुपर 30। बता दें आखिरी बार बड़े पर्दे पर बतौर एक्ट्रेस साधना सिंह साल 2019 में रिलीज होने वाली फिल्म जिंदगी तुमसे ही में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने कई वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

# सिफारिश लगाने वालों पर भड़के विशाल, नए गायकों को दी ये सलाह




**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर और कंपोजर विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे नए गायकों को यह सुझाव देते दिखे हैं कि उनसे मिलने के लिए वे किसी मंत्री या किसी अन्य शख्सियत का सहारा न लें। संघर्ष के दिनों में लोग काम पाने के लिए किसी की सिफारिश लगवाने का विकल्प चुन लेते हैं। मगर, विशाल ददलानी ने ऐसा करने वालों को सलाह दे डाली है। इतना ही नहीं, विशाल का कहना है कि किसी मंत्री से सिफारिश लगवाने वाले को उन्होंने ब्लॉक भी कर दिया है। सिंगर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। विशाल ददलानी ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होने लिखा है, 'नए गायकों के लिए कुछ सलाह। किसी मंत्रीजी या उनके सेक्रेटरी से मुझे फोन मत करवाना। अगर ऐसा करते हो तो इतना पक्का है कि मुझसे कभी मिल नहीं पाओगे। जो लोग 'कॉन्टैक्ट्स' के जरिए आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनके लिए मेरे मन में जरा भी इज्जत नहीं है। जिस बंदे ने अभी-अभी यह कोशिश की, मंत्री-जी अब ब्लॉक हो गए हैं और तुम भी। अब, भले ही तुम बहुत अच्छे सिंगर हो, मुझे तुम्हारे साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सॉरी'। 'अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें प्लीज। कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहें और साथ ही धैर्य रखें। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका समय जरूर आएगा। सिफारिश वाली चीजें न करें। यह एक बोरिंग पुरानी बात है। और, सबसे बड़ी बात कि यह सिर्फ यही बताता है कि आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं है'। विशाल ददलानी की इस बात पर नेटिजन्स तारीफ कर रहे हैं और सहमति जता रहे हैं।

एक यूजर ने पूछा कि आपसे किस तरह मिला जा सकता है? इस पर विशाल ने जवाब दिया, 'बस अपना म्यूजिक रिलीज करो। अगर यह अच्छा है, तो यह मुझ तक जरूर पहुंचेगा। साथ ही, मैं हर हफ्ते नए आर्टिस्ट्स को खोजने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की प्रकिया में हूं। उस आइडिया के पहले ट्रायल की डिटेल्स कल यहां पोस्ट की जाएंगी।

# लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' के कंटेस्टेंट्स शो में खूब धूम मचा रहे हैं और इसी के साथ नया प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें जैस्मिन भसीन बॉयफ्रेंड अली गोनी को सरप्राइज देने शो में आती हैं। साथ ही, समर्थ और अभिषेक हर किसी को देखकर जल-भून जाते हैं। जैस्मिन के अली गोनी को सरप्राइज देने के साथ ही, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश और कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक जैसे कपल्स एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जताते हैं। अली कहते हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि वह मेरे जीवन में है।' इसके बाद दोनों साथ में डांस करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को फूल देते हैं और उनसे प्यार का इजहार करते हैं। प्रोमो में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल धोती पहने लाठी लेकर आते हैं। प्रोमो जारी होते ही, फैंस ने कमेंट सेक्शन में रिएक्ट किया है। कुछ ने जैस्मिन की एंट्री पर एक्साइटमेंट दिखाया, वहीं कुछ अभिषेक और समर्थ के रिएक्शन पर मजे ले रहे हैं। वहीं, जैस्मिन ने हाल ही में अली के साथ पुर्तगाल में छुट्टियां मनाते हुए अपनी कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने एक भावुक मैसेज लिखा, 'हर उस हाथ के लिए जो थामा गया, हर उस प्रार्थना के लिए जो सुनी गई, मैं आभारी हूं। मैंने सीखा है कि अपनी शांति बनाए रखने के लिए कभी-कभी कुछ चीजों को छोड़ना भी पड़ता है। नए साल में मैं और अधिक स्वतंत्र रूप से जीऊं, खुद से और अधिक प्यार करूं, और केवल वही रखूं जो मेरे मन को सुकून दे।'



# विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में किया काम





**मुंबई।** मकबूल, ओमकारा और हैदर जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब 'ओ रोमियो'लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। अब विशाल भारद्वाज ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने उन कलाकारों के बारे में बताया जिन्होंने फिल्म में बिना एक भी पैसा लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि ओ रोमियो में विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में काम किया है। व्यस्त कार्यक्रम और बढ़ती मांग के बावजूद विक्रांत ने फिल्म के लिए लगभग आठ से नौ दिनों तक शूटिंग की, लेकिन एक रुपए फीस नहीं ली। विशाल भारद्वाज ने यह भी खुलासा किया कि विक्रांत के अलावा तमन्ना भाटिया ने भी एक भी पैसा लिए बिना 'ओ रोमियो' में काम करने के लिए सहमति दी। विशाल भारद्वाज ने बताया कि विक्रांत मैसी ने 'ओ रोमियो' के लिए कई साल पहले हामी भरी थी। उस समय जब अभिनेता अभी भी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बना रहे थे। तब से, विक्रांत के कॅरियर में काफी बदलाव आया है, खासकर '12वीं फेल' की जबरदस्त सफलता के बाद।

टीवी मसाला



# कभी रहीं टीवी की क्वीन, आज 1000 फीस लेकर चला रहीं घर

**नई दिल्ली।** कभी ग्लैमर वर्ल्ड पर राज करने वालीं अदाकारा आज 1000 रुपए में गुजारा कर रही हैं। यह हसीना हैं 90 दशक की फेमस टीवी पर्सनैलिटी रूबी भाटिया। रूबी भाटिया ने हिट फिल्मों में अदाकारी दिखाई और फिर टीवी होस्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया। वह पहली वीडियो जॉकी थीं। फिल्मों में अदाकारी के लिए वह टीवी शोज को होस्ट करती थीं। वह अपने दौर की हाइएस्ट पेड होस्ट्स में से एक थीं। 90 के दशक में कामयाबी हासिल करने के बाद रूबी भाटिया ने अचानक इंडस्ट्री से किनारा कर लिया था। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ एक सिंपल लाइफ जी रही थीं कि तभी उन्हें अपना गुजारा करने के लिए 1000 रुपए फीस में काम करना शुरू किया। इन दिनों रूबी भाटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है जिसमें वह 1000 रुपए फीस लेकर काम मांगती हुई नजर आई थीं। इस वीडियो को देख लोगों ने उनके फाइनेंशियल स्टेटस पर चिंता जताने लगे हैं। कभी एक शो के एक लाख रुपए कमाने वालीं रूबी का यूं 1000 हजार रुपए में काम मांगना लोगों के लिए शॉकिंग था। कुछ समय पहले ही रूबी भाटिया ने खुलासा किया था कि 20 सालों तक वह अपनी फैमिली के साथ एक शांत जिंदगी बिता रही थीं। वह अपने परिवार के साथ लोखंडवाला आती रहती थीं। जिस घर में वह रहती थीं, वह 30 साल पुराना था। जब उन्होंने उसे रेनोवेट करवाना शुरू किया तो बहुत खर्च हो गया और उनकी सारी सेविंग्स चली गई थी।



## चिंतन

# खुद की सजगता ही बचा सकती है साइबर ठगी से

डिजिटल तकनीक ने जहां देश को नई गति दी है, वहीं इसके खतरे भी कम नहीं हैं। बैंकिंग से लेकर सरकारी सेवाओं तक, हर क्षेत्र में ऑनलाइन माध्यम ने सुविधाएं बढ़ाई हैं, लेकिन इस डिजिटल विस्तार के साथ साइबर ठगी का जाल भी तेज़ी से फैला है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि अब तक 54 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि डिजिटल ठगी के जरिए निकाली जा चुकी है। यह आंकड़ा सिर्फ आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि व्यवस्था की कमजोरी और नागरिकों की असुरक्षा को भी उजागर करता है। सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल धोखाधड़ी को डकैती और लूट की संज्ञा देते हुए इसे गंभीर राष्ट्रीय समस्या बताया है, जो समय रहते नहीं रोकी गई तो इसके परिणाम और भयावह होंगे। ठगी के मामलों में एक बात साफ दिखाई देती है कि ठग तकनीक से ज़्यादा मानसिक कमजोरियों का फायदा उठाते हैं। लालच और अज्ञानता उनके सबसे बड़े हथियार हैं। आसान मुनाफे का लालच देकर, डर पैदा करना और विवेक को शून्य कर देना, यही उनकी रणनीति है। कभी केवाईसी अपडेट के नाम पर, कभी फर्जी निवेश योजना, तो कभी सरकारी कार्रवाई का भय दिखाकर डिजिटल अरेस्ट करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी महज चेतावनी नहीं, बल्कि व्यवस्था को आईना दिखाने वाली है। अदालत ने साफ कहा है कि इतने बड़े पैमाने पर हो रही ठगी में बैंकों की लापरवाही या अधिकारियों की मिलीभगत की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तैयार स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) को पूरे देश में प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। आरबीआई की एसओपी में यह प्रावधान है कि साइबर फ्रॉड की आशंका होते ही तुरंत कार्रवाई की जाए, जैसे संदिग्ध लेन-देन पर डेबिट कार्ड को अस्थायी रूप से होल्ड पर डालना, खाते की गतिविधि सीमित करना और समयबद्ध जांच। इसका उद्देश्य नुकसान को शुरुआती स्तर पर ही रोकना है। समस्या यह नहीं कि नियम मौजूद नहीं हैं, बल्कि यह है कि उनका पालन ढीले-ढाले तरीके से किया जा रहा है। सरकार के लिए यह जरूरी है कि वह केवल दिशानिर्देश जारी करने तक सीमित न रहे, बल्कि उनके पालन की निगरानी भी सुनिश्चित करे। डिजिटल ठगी का एक और खतरनाक रूप है लोगों को डिजिटल अरेस्ट करना और सरकार के नाम पर लॉटरी टिकट बेचकर लोगों को ठगना। ठग खुद को सरकारी एजेंसी, राज्य लॉटरी विभाग या किसी प्रतिष्ठित सरकारी योजना का प्रतिनिधि बताकर लोगों को फोन या मैसेज करते हैं। बड़ी इनामी राशि का लालच देकर पहले मामूली रजिस्ट्रेशन फीस, टैक्स या प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर पैसे ऐंठे जाते हैं। इसके बाद कभी दस्तावेज़ों में कमी, तो कभी नए शुल्क का बहाना बनाकर ठगी का सिलसिला चलता रहता है। डिजिटल ठगी के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या अदालत की नहीं, बल्कि समाज की भी है। सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। कोई भी अनजान कॉल, लिंक या लालच भरा ऑफर चाहे वह सरकारी के नाम से ही क्यों न आए, बिना जांच के स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। बैंक या सरकारी विभाग कभी भी फोन पर ओटीपी, पिन या पासवर्ड नहीं मांगते। जागरूक नागरिक, सख्त कानून और जवाबदेह व्यवस्था इन तीनों के बिना डिजिटल भारत का सपना सुरक्षित नहीं हो सकता।

## दिवस विशेष

डॉ. रमेश ठाकुर



# विज्ञान-अनुसंधान में आधी आबादी का बढ़ता प्रभाव

आधी आबादी को समर्पित आज का दिन कई मायनों में खास है। विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके योगदान को मान्यता देने के लिए सालाना 11 फरवरी को 'विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों का अंतरराष्ट्रीय दिवस' मनाया जाता है। 22 दिसंबर 2015 को संयुक्त राष्ट्र की महासभा में घोषित इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणितज्ञ क्षेत्र में महिलाओं की समान भागीदारी को बढ़ाना और लैंगिक असमानता को दूर करना था। आज इस दिवस का 11वां संस्करण मनाया जा रहा है। इस साल की थीम 'अभी सर्वश्रेष्ठ आना बाकी है' पर केंद्रित है। विज्ञान क्षेत्र में महिलाओं के बढ़ते कदमों की बात करें, तो मंगल मिशन की सफलता से लेकर नासा और नोबेल पुरस्कार तक भारतीय महिलाएं विज्ञान क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं। विज्ञान के वैश्विक स्तर पर भी भारतीय महिलाओं की धूम है। ये सिलसिला अब इसलिए भी रुकने वाला नहीं? क्योंकि सामाजिक बेड़ियों को तोड़कर महिलाएं दिनोंदिन विज्ञान की दुनिया में अकल्पनीय कीर्तिमान स्थापित करती जा रही हैं। एकाध दशकों के भीतर विज्ञान क्षेत्र और उसके विषय में महिलाओं की भूमिकाएं अत्यंत महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी के तौर पर उभरी हैं। आधा आबादी ने भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा, और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में अपना क्रांतिकारी योगदान देकर अपने दम पर पुरुषों के साथ कदम ताल मिलाया है। मैरी क्यूरी से लेकर भारतीय अंतरिक्ष मिशनों तक, महिलाओं ने रूढ़िवादी परंपराओं को तोड़कर अपनी प्रतिभा सिद्ध की हैं। केंद्र सरकार ने 2024-25 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय को 16,628 करोड़ रुपये आवंटित इसलिए किए थे, ताकि इस क्षेत्र में धन की कमी न आए। अब भारत में, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। वर्ष-2018-19 की विभिन्न शोध परियोजनाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी तकरीबन 28 से 30 फीसदी तक बढ़ीं। 2024-24 के आंकड़ों में और इजाफा हुआ है। गति अगर यूं ही बरकरार रही, तो साल 2047 में जब भारत पूर्ण रूप से विकसित होगा, तब विज्ञान क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी आधी हो जाएगी। महिलाओं के लिए भारत अब बदल चुका है, क्योंकि वैश्विक औसत के हिसाब से विज्ञान क्षेत्र में भारतीय महिलाएं की रुचि ज्यादा बढ़ी है। यही कारण है कि स्टेम शिक्षा में महिलाओं की हिस्सेदारी अब लगभग 43 प्रतिशत तक जा पहुंची है। केंद्रीय व राज्य सरकारों द्वारा भी महिला सशक्तिकरण के प्रयासों में इंटरशिप, छात्रवृत्तियां और अन्य 11 पीठों का गठन महिला शोधकर्ताओं को बढ़ाने मकसद से शुरू किया जा चुका है। केंद्र सरकार में इसका अलग से मंत्रालय भी बनाया गया है। मंत्रालय का नाम है 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान'। एक जमाना था, जब विज्ञान जैसे क्षेत्रों में गिनी चुनी महिलाओं की ही आमदगी होती थी। पर, अब इसरो के चंद्रयान और मंगलयान मिशनों की सफलता में भारतीय महिला वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान भी दिखने लगा है। आनंदीबाई जोशी पहली महिला डॉक्टर, असिमा चटर्जी पहली कैंसर और मिर्गी शोध, सुषमा घोष पहली चिकित्सा विज्ञान और जानकी अम्माल ने गन्ने की हाइब्रिड प्रजातियों के विकास में जो योगदान दिया, उसे कोई नहीं भूल सकता। वहीं, अन्ना मणि का सौर विकिरण और ओजोन परत के क्षेत्र में दिया उल्लेखनीय कार्य सदैव सराहनीय रहेगा। इन महिलाओं ने ये सफलताएं उस समय हासिल की थी, जब महिलाओं को घरों की चारदीवारी में कैद करके रखा जाता था। बाहर निकलने की आजादी तक नहीं होती थी। भारतीय महिला वैज्ञानिकों ने न केवल विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान किया, बल्कि गणित, अंतरिक्ष और खगोल शास्त्र के क्षेत्र में भी शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। अंतरिक्ष की दुनिया में दमदार प्रदर्शन करने वाली इन महिलाओं के संबंध में युवा पीढ़ी को जानना चाहिए। वैश्विक पटल पर भी भारतीय महिलाओं ने अपने हुनर का लोहा अपनाया। कल्पना चावला भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के बारे में छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई जानता है। कल्पना अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की पहली महिला थीं जिसने 376 घंटे 34 मिनट तक अंतरिक्ष में रहकर रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने धरती के 252 चक्कर लगाए थे। वहीं, सुनीता विलियम्स अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के जरिये अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला हैं। सुनीता विलियम्स ने एक अंतरिक्ष यात्री के रूप में 195 दिनों तक अंतरिक्ष में रहने का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। उनसे प्रेरणा लेकर भारतीय महिलाएं विज्ञान क्षेत्र में आ रही हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# क्या हैं अमित शाह के बयान के निहितार्थ



विचार
पंकज झा

देश के गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रायपुर में कहा कि 'छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने माओवादी मूवमेंट को प्रश्रय देकर रखा था इसमें किसी को भी शंका करने की कोई ज़रूरत नहीं है।' इस परिप्रेक्ष्य में अगर आप तब की भूपेश सरकार के कार्यों का विश्लेषण करेंगे, तो पाएंगे कि सचमुच कांग्रेस के एक समूह ने नक्सलियों को हमेशा ताकत देने का काम किया है। छत्तीसगढ़ में झीरम में भयंकर नक्सल हमला हुआ था, जिसमें माओवादियों के विरुद्ध पूरी ताकत से लड़ने वाले महेंद्र कर्मा से लेकर कद्दावर नेता नंद कुमार पटेल समेत दर्जनों नेता बलिदान हुए थे। उस हमले के बाद कांग्रेस में आई रिक्तता का सबसे अधिक लाभ किसे मिला, यह सर्वज्ञात है।

उस दुर्भाग्यजनक हमले के बाद कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में लगातार बघेल यह कहते रहे थे कि झीरम हमले के साक्ष्य उनकी जेब में हैं। लेकिन मुख्यमंत्री बन जाने के बाद भी न तो उन्होंने साक्ष्य सार्वजनिक किया, न ही उसे किसी जांच एजेंसी को सौंपा, जबकि साक्ष्य छिपाना भी दंडनीय अपराध है। इसी विषय पर दो कदम और आगे बढ़ते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी से बिलासपुर में दो टूक यह कहलवा दिया गया कि 'झीरम हमले में नक्सलियों का हाथ नहीं है।' ऐसा कह कर सीधे तौर पर कांग्रेस सुप्रीमो से माओवादियों को क्लीन चिट दिलवा दी गई। इससे भी माओवादियों को प्रश्रय मिला ही। प्रदेश के मानपुर मोहला में तो कांग्रेस विधायक की उपस्थिति में हुई सभा में एक नक्सली ने क्षेत्र में वोट मांगने आने पर भाजपा कार्यकर्ताओं को काट देने के धमकी दी थी। उस पर अमल भी किया। फिर ऐसा आतंक फैला कर वहां से कांग्रेस जीत कर भी आयी।

छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य रंजीता रंजन का बयान याद कीजिए, जब उन्होंने कहा था कि सभी नक्सली खराब और गलत नहीं होते। कांग्रेस के यूपी के तब के अध्यक्ष राज बब्बर ने सीधे तौर पर माओवादियों को क्रांतिकारी कहा था। दुर्दांत नक्सली हिड़मा के मारे जाने पर तो पूर्व सीएम दिग्विजय ने एक संदिग्ध महिला का पोस्ट रिपोस्ट करते हुए उस पर सवाल उठाए थे। आतंकी हिड़मा की लाश पर जिस तरह वह महिला दहाड़े मार कर रो रही थी, उससे भी यह साबित हुआ कि नक्सलियों से उसके कैसे संबंध थे।

आज जब केंद्र और राज्य की दोनों सरकारें मिलकर माओवाद के विरुद्ध अंतिम लड़ाई लड़ रही हैं, तब भी कांग्रेस से नक्सल समर्थक बयान दिलवाये जा रहे हैं। अप्रैल 2024 में कांकेर जिले में 29 माओवादियों को मार गिराने में सुरक्षा बलों को उस समय तक की सबसे बड़ी सफलता मिली थी। इस मुठभेड़ को भी फर्जी साबित करने सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सामने आए थे, जबकि स्वयं नक्सलियों ने प्रेस रिलीज जारी कर नाम समेत स्वीकार किया था कि उनके 29 लोग मारे गए हैं।



ऐसे दर्जनों उदाहरण दिए जा सकते हैं जब कांग्रेस ने माओवाद के विरुद्ध लड़ाई को कमजोर करने की कोशिश की। यहां तक कि छत्तीसगढ़ में सरकार नहीं रहने पर अब तेलंगाना से माओवादियों को समर्थन के बयान दिलवाये जा रहे हैं। वहां की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सितंबर 2025 में नक्सलवाद को एक 'फिलॉसफी' कहा जिसे 'बल पूर्वक खत्म नहीं किया जा सकता।' उन्होंने इसे सामाजिक और आर्थिक असमानताओं से जन्मी समस्या बताया।

गृह मंत्री अमित शाह ने जैसा कहा भी कि यह अगर विकास की कमी का परिणाम होता, तो 'बस्तर से अधिक पिछड़े भारत के सौ जिले उस समय भी थे, लेकिन उनमें से कहीं भी नक्सलवाद नहीं पैदा हुआ। फिर भी अगर यह मान भी लिए जायें कि यह आर्थिक असमानता या शोषण से उपजा आतंक है, तो सवाल तो आखिर इसकी जिम्मेदारी कांग्रेस की ही तो है। जिस बस्तर को शोषण और दमन का उपनिवेश बना कर रखा गया था, कथित रूप से जिसके कारण माओवादी आतंक को प्रश्रय मिला, उस समय अविभाजित मध्यप्रदेश में कांग्रेस का ही तो शासन था। विडंबना तो यह है कि आदिवासी जन-जीवन को अलग बताते हुए जो लोग कांग्रेस शासन में बस्तर को विकास से अछूता रखना चाह रहे थे, वही लोग सेवानिवृत्ति के बाद लाल झंडा उठाते हुए बस्तर के पिछड़ेपन का बहाना कर नक्सल हिंसा को बौद्धिक आधार देने पहुंच गए थे। जिस अविभाजित आंध्रप्रदेश के रास्ते माओवादी बस्तर में आए, महाराष्ट्र में, बिहार-झारखंड में, पश्चिम बंगाल में हर जगह तब कांग्रेस ही तो थी। जिस नक्सलवाड़ी में कानू-चारू ने इस मूवमेंट की शुरुआत की थी, जिस शोषण और उत्पीड़न को कारण या बहाना बनाया गया, वहां तब किस दल की सरकार के कारण ऐसा था? जाहिर है कांग्रेस और बाद में कम्युनिस्ट ही तो इसके जिम्मेदार रहे। झारखंड में तो जिस झामुमो से कांग्रेस का गठबंधन रहा, उसने तो अनेक नक्सलियों को टिकट देकर कांग्रेस के समर्थन से लोकसभा और विधानसभा में भेजा। यह स्पष्ट है नक्सलवाद के जो भी बहाने रहे हों, उसकी जड़ में कांग्रेस रही है। आज भी गाहे-ब-गाहे कांग्रेस यही करती नजर आ रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री के जवाब में आए भूपेश बघेल के बयान भी इस 'प्रश्रय' को सही ठहराता प्रतीत हो रहे। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि 'नक्सलवाद तब समाप्त माना जाएगा, जब पैरा मिलिट्री फोर्स को विथड्रा कर लेंगे। जब जन-प्रतिनिधियों को दी गई सुरक्षा वापस ले लेंगे।' इससे अधिक संवेदनहीन बयान की और क्या कल्पना की जा सकती है? क्या बघेल यह चाहते हैं कि सुरक्षा बलों को वापस लेकर फिर से आदिवासियों को असुरक्षित छोड़ दिया जाय? या जिस बस्तर में दर्जनों हजारों आदिवासी, दर्जनों नेता-कार्यकर्ता बलिदान हुए, वहां जनप्रतिनिधियों को असुरक्षित छोड़ दिए जाएं?

यही वह संवेदनहीनता है जिसका परिचय शासन में रहते भूपेश बघेल ने दिया था, जब अप्रैल 2021 में बीजापुर में हुए नक्सल हमले में 22 जवान शहीद हुए थे, उस समय न केवल वे असम में चुनाव प्रचार में व्यस्त थे बल्कि उस रात को जब अमित शाह असम से छत्तीसगढ़ आ कर मीटिंग कर लौट भी गए, तब बड़े ही संवेदनहीन तरीके से बस्तर के तब के सांसद और कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ असम के रेस्तरा में किए रात्रि पार्टी का फोटो कांग्रेस अध्यक्ष के हैंडल से सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था।

सुरक्षा बलों को वापस बुलाने की बात कर कांग्रेस महासचिव बघेल क्या उस दौर के वापसी चाहते हैं, जब 'सलवा जुडूम' को कोर्ट द्वारा समाप्त कर देने के बाद चुन-चुन कर आदिवासियों की हत्या की गई? संदर्भवश यह भी उद्धृत किया जा सकता है कि कांग्रेस के ही नेता रहे स्व. महेंद्र कर्मा के ही नेतृत्व में सलवा-जुडूम शुरू हुआ था। उसे कोर्ट द्वारा समाप्त करने पर कांग्रेस इतना अधिक कृतज्ञ हो गई कि उस फैसला देने वाले तबके के जज को सीधे उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बना दिया। इस उम्मीदवारी का विरोध करने बड़ी संख्या में ऐसे आदिवासीजन सीधे दिल्ली पहुंचे थे जिन्होंने नक्सल हमले में हाथ, पांव, आंखें, परिवार आदि खो दिया था। इस तरह नक्सल पीड़ितों के घावों पर कांग्रेस नेतृत्व ने नमक ही छिड़का था। वास्तव में सुरक्षा बलों को वापस बुलाने की बात कर भूपेश बघेल अपनी उसी अवज्ञा का परिचय दे रहे हैं, जैसा भाव केंद्रीय संस्थाओं, संघीय ढांचा के प्रति उनके पूरे कार्यकाल के पहचान रही, जिसका खामियाजा बस्तर को भी भोगना पड़ा था।


अभी अमित शाह के जिस पुराने बयान को तोड़-मरोड़ कर भूपेश बघेल प्रस्तुत कर रहे, तब की वह सफलता भी सुरक्षा बलों के कारण मिली थी और वह कांग्रेस शासन के बावजूद हो पाया था। अगर ऐसा नहीं होता तो जो सफलता आज विष्णुदेव साय जी की सरकार में मिल रही है, वह तभी मिल पाना संभव होता अगर भूपेश सरकार ने वर्तमान भाजपा सरकार की तरह सहयोग किया होता तो। बहरहाल!

बस्तर अब दशकों की पीड़ा के बाद एक नयी सुबह की बाट जोह रहा है। आज वहां बारूद की जगह विकास प्रश्रय पा रहा है। ऐसे में कांग्रेस को यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं होती। हमेशा शांति-व्यवस्था और संविधान को राजनीति से ऊपर रखना चाहिए। गृह मंत्री के बयान का यही लब्बोलुआब है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।

# तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम ! मै हत्यारा हूं, मुझे भिक्षा दीजिए। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितों ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिए। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिए? इस पर ब्राह्मणों ने कहा- यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गई थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिए। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जान है तो जहान है

दुनिया भर की बकवास को छोड़कर सर्वप्रथम स्वास्थ्य क्षेत्र में सारा ध्यान केंद्रित किया जाना अनिवार्य है। धर्म, जाति, भाषाएं, राजनीतिक दल, संप्रदाय, देशभक्ति, देश-दुनिया तभी बचे रहेंगे जब तक लोग जीवित रहेंगे, सही सलामत रहेंगे, स्वस्थ रहेंगे। हमारे भारत में भी कौन जाने, कहां, कब, कैसे, किस क्षेत्र में क्या-क्या उन्नति-प्रगति हो रही है। देश की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे नंबर पर पहुंच चुकी है। ये सभी काल्पनिक और आदर्शवादी बातें उन सभी करोड़ों भारतीय नागरिकों की समझ से सर्वथा परे हैं, जो आज भी अपनी दैनिक और विशेषकर स्वास्थ्य संबंधी सैकड़ों समस्याओं से लगातार ही जूझते हुए कुछ चैन, सुकून, शांति व आराम की तलाश कर रहे हैं। स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

*- प्रथमेश कुलकर्णी, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# केन्या में 20 लाख से अधिक लोग भुखमरी की चपेट में



केन्या के कुछ इलाकों में सूखे की वजह से 20 लाख से अधिक लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं और सबसे ज्यादा असर उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के पशुपालक समुदायों पर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य संगठनों ने यह जानकारी दी। केन्या के राष्ट्रीय सूखा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, देश के करीब 10 जिले इस समय सूखे से जूझ रहे हैं। सोमालिया से सटे केन्या के उत्तर-पूर्वी मंडेरा जिले में स्थिति चेतावनी स्तर पर पहुंच गई है। इसका मतलब है कि पानी की गंभीर कमी के कारण पशुओं की मौत हो रही है और बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। जनवरी के अंत में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि यही परेशानी सोमालिया, तंजानिया और यहां तक कि युगांडा तक फैल रही है, जहां लोग इसी तरह के मौसम और पानी की गंभीर कमी से जूझ रहे हैं। हाल के हफ्तों में सोमाली सीमा के पास सूखाग्रस्त इलाकों से झकझोर देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें मवेशियों को बेहद कमजोर और कुपोषित हालत में देखा जा सकता है। यह इलाका जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहा है। हाल के वर्षों में कुछ क्षेत्रों में बारिश के मौसम की अवधि छोटी हो गई है, जिससे सूखे की स्थिति पैदा हो रही है।

## ऑफ बीट

# दो-तीन कप कॉफी पीने से डिमेंशिया का खतरा कम



वैज्ञानिकों ने पाया है कि दिन में दो से तीन कप कॉफी पीने से डिमेंशिया होने का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है, लेकिन इससे अधिक मात्रा में कॉफी पीने से मस्तिष्क को कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलता। एक व्यापक अध्ययन में सीमित मात्रा में कैफीनयुक्त कॉफी या चाय पीने वालों में डिमेंशिया होने की संभावना कम पाई गई। अध्ययन के अनुसार, 75 वर्ष या उससे कम आयु के लोगों में इसका प्रभाव सबसे अधिक देखा गया। रोजाना करीब 250-300 मिलीग्राम कैफीन (लगभग दो से तीन कप कॉफी) लेने वालों में डिमेंशिया का जोखिम 35 प्रतिशत तक कम पाया गया। शोधकर्ताओं ने कहा कि इससे अधिक कैफीन लेने से कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिला। अध्ययन में शामिल महिलाओं ने बताया कि शुरुआत में वे प्रतिदिन औसतन साढ़े चार कप कॉफी या चाय पीती थीं, जबकि पुरुषों के लिए कॉफी की औसत खपत ढाई कप थी। अधिक कैफीन लेने वाले प्रतिभागी अपेक्षाकृत कम उम्र के थे, लेकिन वे शराब का अधिक सेवन करते थे, धूम्रपान करते थे और अधिक कैलोरी लेते थे, जो डिमेंशिया के जोखिम को बढ़ाने वाले कारक माने जाते हैं। शोध में यह भी पाया गया कि कैफीन रहित कॉफी पीने वालों में स्मृति क्षय तेज़ी से हुआ।

## ट्रेंड

### जनता का भरोसा



महाराष्ट्र की जनता ने जिला परिषद चुनावों में महायुति के पक्ष में स्पष्ट निर्णय लेकर विकास तथा सुशासन की राजनीति को अपना समर्थन दिया है। इस जनविश्वास के लिए राज्य की जनता का हृदय से आभार। जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता का भरोसा ही इस जीत का आधार बना है।

**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### प्रधानमंत्री आवास योजना



प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से हज़ारों जरूरतमंद परिवारों को पक्का घर मिल रहा है, जो उनके सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन की मजबूत नींव है। मेरा निरंतर प्रयास है कि पंक्ति में सबसे आख़िरी खड़े व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुँचे, ताकि कोई पात्र वंचित न रहे।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**

### पायलट को श्रद्धांजलि



पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की जयंती पर हम उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने वंचित और शोषित वर्गों की आवाज़ को मजबूती से उठाया, भारतीय वायुसेना में रहते हुए देश के प्रति अपनी निष्ठा व समर्पण का परिचय दिया।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### घरेलू उत्पादन बढ़ाएं



भारत अपने तेल और गैस का 90 फीसदी आयात करता है। हम तीन तरफ से समुद्र से घिरे हैं। घरेलू उत्पादन बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हम तेल और गैस के लिए विश्व का सबसे तेजी से बढ़ता बाजार हैं।

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

CHiPS

**Chhattisgarh InfoTech Promotion Society (CHiPS)**
2nd Floor SDC Building, Civil Lines, Raipur, Chhattisgarh 492001
Phone: 0771-4014158, Fax: 0771-4014158, E-mail: ceochips@nic.in

**TENDER NOTICE**

No. 01/CEO/CHiPS/AADHAAR/AUA-KUA/2026

RAIPUR, DATED 09/02/2026

Chhattisgarh Infotech Promotion Society (CHiPS), under Department of Information Technology, CG invites technical and financial proposal from reputed Bidders for **"Selection of Agency for Development, Implementation, Operation & Maintenance of Aadhaar and its Allied Service in the State of Chhattisgarh."**

**e-Procurement Tender No. 185311**

The document can be downloaded from the website **www.chips.gov.in** & **www.eproc.cgstate.gov.in**

S-46848/1 — CEO, CHiPS

**कार्यालय कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी जिला खैरागढ - छुईखदान - गण्डई (छत्तीसगढ)**

**// द्वितीय निविदा पत्र //**

क्रमांक/ कले./ जनगणना /2026/806 खैरागढ दिनांक 06/02/2026

छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक GEMS.1105/99/2025 HOME SECTION नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 08.01.2026 के अनुसार भारत की जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (HLO) अप्रैल 2026 से सितम्बर 2026 तक और द्वितीय चरण जनसंख्या गणना (PE) फरवरी 2027 में आयोजित की जाएगी ।

भारत की जनगणना 2027 मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से आँकड़ो का संग्रह जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली (CMMS) पोर्टल का उपयोग, मकान सूचीकरण ब्लॉक निर्माण (HLBS), वेब एप्लिकेशन, स्व- गणना पोर्टल जैसे कार्यों को समूचित रूप से संपादन के लिए राज्य/ जिला स्तर पर 09 (04 तहसील एवं 03 नगरपालिका/नगर पंचायत) तकनीकी सहायक व 01 बहु- कार्य कर्मचारी (एमटीएस) जनशक्ति को पारिश्रमिक आधार पर नियुक्ति जून 2027 तक के लिए आउट सोर्स प्लेसमेंट एजेंसी एजेंसी के माध्यम से कराया जाना है ।

एतद् द्वारा उक्त कार्य के लिए इच्छुक फर्म /आउट सोर्स प्लेसमेंट एजेंसी दिनांक 05 फरवरी 2026 शाम 05.30 बजे तक कार्यालयीन निविदा पत्र क्रमांक/ कले/ जनगणना /2026/472 खैरागढ़- छुईखदान-गण्डई, दिनांक 21/01/2026 के अनुसार निविदा आमंत्रित की गई थी । नियत तिथि एवं समयावधि मे पर्याप्त प्रतिभागिता नही होने के कारण पुनः द्वितीय निविदा दिनांक 19 फरवरी 2026 तक आमंत्रित किया जाता है ।

निविदा प्रपत्र जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 13 में कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 से संध्या 5:30 तक 2000/- रूपये नगद भुगतान कर प्राप्त कर सकते है। निविदा दिनांक 20.02.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे कलेक्टर द्वारा गठित समिति के सदस्यों एवं उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी । शेष नियम व शर्ते यथावत रहेगें ।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित )**

**अपर कलेक्टर,**
**एवं जिला जनगणना अधिकारी**
**खैरागढ़ - छुईखदान - गण्डई (छ.ग.)**

G-252606575/3



# बच्चों के लापता होने पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित, सरकार से डेटा जुटाने कहा

**नई दिल्ली।** बच्चों के लापता होने की खबरों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह पता करे कि इसके पीछे कोई देशव्यापी नेटवर्क तो नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि आप जानकारी दें कि क्या पूरे देश में ऐसा कोई नेटवर्क है या फिर किसी राज्य में ही स्टेट लेवल पर ऐसा चल रहा है। बीते कुछ दिनों में बच्चों के गायब होने की खबरें काफी चर्चा में रही थीं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने कहा कि यह पता लगाने की जरूरत है कि ऐसी घटनाओं के पीछे कोई एक ही पैटर्न है या फिर ऐसी घटनाओं में आपस में कोई संबंध नहीं है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा कि वह ऐसी घटनाओं का सभी राज्यों से ब्योरा जुटाए। इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्य भाटी मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों की ओर बच्चों के लापता होने का डेटा दिया गया है। पीठ ने सरकार को यह सुझाव भी दिया कि जिन लोगों को किडनैपिंग से बचाया गया है। उनके इंटरव्यू करने चाहिए। इससे कुछ अंदाजा लग सकेगा कि आखिर ऐसी घटनाओं को कौन अंजाम दे रहा है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**निविदा रद्द संबंधी सूचना**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद के तहत् ई–अल्पकालीन निविदा संख्या– **10/2025-26/RWD/CHATRA**, दिनांक–31.12.2025 (**Construction of Road from Kataili Mahuaa More to Nawadih**), जिसके अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि – 22.01.2026 थी, जिसका **P.R. No. 369880 Rural Work Department (25–26)_D** को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

PR 372732 Rural Work Department(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा

**कार्यालय प्रभारी चिकित्सा अधिकारी**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोबरा नवापारा जिला - रायपुर (छ.ग.)**
(Email:-chenawapara.mo@gmail.com)

क्र. / सामु.स्वा. केन्द्र / सत्रह / 2026/130 गोबरा नवापारा, दिनांक...09/02/2026

**// निविदा सूचना //**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि एक वर्ष के लिए कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोबरा नवापारा, वि.खं. अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) अंतर्गत निम्नलिखित मुहरबंद निविदा (केवल पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट) से आमंत्रित की जाती है।

(अ) जननी शिशु सुरक्षा योजना, अंतः रोगी, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं स्थानीय स्तर के प्रशिक्षण / मीटिंग अंतर्गत भोजन सामग्री, जलपान, स्वल्पाहार प्रदाय करने हेतु।

निविदा को विस्तृत शर्ते एवं निविदा प्रपत्र निर्धारित तिथि के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से कार्यालयीन अवधि में राशि रू. 500/- (पॉच सौ रू. मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट / बैकर्स चेक जीवन दीप समिति, सामु. स्वा. केन्द्र गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम से जमा कर प्राप्त किया जा सकता है जो कि वापसी योग्य नही होगा।

**निविदा के संबंध में महत्वपूर्ण तिथियां निम्नानुसार है:-**

1. निविदा प्रपत्र बिक्री की तिथि- 11.02.2026 से 27.02.2026 को दोपहर 02 बजे तक।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि- 27.02.2026 को दोपहर 03 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि दिनांक- 27.02.2026 को दोपहर 04 बजे ।

निविदा खोलने का स्थान- कार्यालय प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सामु. स्वा. केन्द्र गोबरा नवापारा, वि.खं. अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

**नोटः-** बुलाई गई निविदा को किसी भी समय समक्ष अधिकारी द्वारा बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकेगा। निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है। जिसकी सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पाकर दी जावेगी। निर्धारित तिथि एवं समय उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा।

**प्रभारी चिकित्सा अधिकारी**
**सामु.स्वा. केन्द्र गोबरा नवापारा**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

S-46846/1

## मणिपुर में आगजनी के बाद पांच दिनों के लिए इंटरनेट बंद



**नई दिल्ली।** मणिपुर में नई सरकार बनने के एक हफ्ते के भीतर ही हिंसा भड़क गई। बढ़ते तनाव को कंट्रोल करने के लिए सरकार ने उखरुल जिले में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं को पांच दिन के लिए बंद कर दिया है। यह निर्णय सोमवार को हुई आगजनी की घटनाओं के बाद लिया गया, जहां कुछ असामाजिक तत्वों ने लिटन के आसपास के गांवों में कई घरों को आग के हवाले कर दिया था। हिंसा के बाद पूरे जिले में कर्फ्यू लागू कर दिया गया। 10 फरवरी की सुबह 11:30 बजे से अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। तांगखुल और कुकी जनजातियों के बीच हिंसक झड़प के बाद इलाके में सिक्योरिटी फोर्स मौजूद हैं। मणिपुर पुलिस के अनुसार, प्रभावित क्षेत्रों में तनाव अब भी कायम है, लेकिन सुरक्षा बलों की तैनाती से इसे काफी हद तक कंट्रोल किया जा सका है। अधिकारियों ने बताया हिंसा की शुरुआत 7 फरवरी की शाम लितान सरेइखोंग में हुए एक शराब के नशे में झगड़े से हुई थी, जिसमें तांगखुल नागा समुदाय के स्टर्लिंग नाम के व्यक्ति के साथ मारपीट हुई थी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
**जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास**
**Email:-rmczone10@gmail.com**

क्र.1261/नगर निवेश/जोन-10/न.पा.नि./2025-26 — **तृतीय सार्वजनिक सूचना** — रायपुर दिनांक 10/02/2026

सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि अपर कलेक्टर, रायपुर से प्राप्त ज्ञापन क्र. 210 / वा-2 / अ.कले. (रा.) / 2025 रायपुर दिनांक 19/08/2025 के जांच प्रतिवेदन अनुसार श्री योगेश वर्मा पिता श्री शिव कुमार वर्मा रायपुर छ.ग द्वारा ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.न. 71 स्थित भूखण्ड का छोटे तुकड़ों में विक्रय कर अवैध प्लाटिंग करते हुए कॉलोनी निर्माण किया गया। उक्त अवैध प्लाटिंग / कॉलोनी के विरूद्ध नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 - च अंतर्गत कार्यवाही किया जाना है। उक्त धारा अंतर्गत अवैध कॉलोनी निर्माण में प्रयुक्त भूमि का प्रबंध अधिग्रहित किया जाना है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र | प्लाटिंगकर्ता | ग्राम | खसरा | रकबा ( क्रमशः) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री योगेश वर्मा पिता श्री शिव कुमार वर्मा, पता - मार्बल मार्केट, छत्तीसगढ़ नगर रायपुर छ.ग. | बोरियाखुर्द प.ह.न. 71 | 346/16/18, 346/19, 346/20, 346/21, 345/2, 351/1 | 0.1020 हे., 0.1020 हे., 0.1020 हे. 1020 हे. 0.405 हे., 0.203 हे. **(कुल रकबा 1.16 हेक्टेयर)** |

उपरोक्त वर्णित खसरों एवं रकबों के अनुरूप जिसमें अवैध प्लाटिंग की गई है, उसके प्रबंध अधिग्रहित का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा नगर पालिक निगम, अधिनियम 1956 की धारा 292 (च) के तहत किये जाने हेतु हितबद्ध पक्षकारों के अवलोकन हेतु यह सार्वजनिक/आमसूचना प्रकाशित की जा रही है ।

उपरोक्त वर्णित भूमि का प्लाटिंग उपरांत क्रय किये गये भूखण्ड धारकों / हित रखने वाले सभी व्यक्तियों/संस्थाओं से दिनांक 11/02/2026 से 18/02/2026 तक लिखित रूप में निर्धारित प्रारूप में जोन कार्यालय जोन क्रमांक - 10 नगर पालिक निगम, रायपुर के प्रथम तल स्थित कक्ष क्रमांक-04 में कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें की "सक्षम प्राधिकारी द्वारा उक्त खसरों की भूमि का प्रबंधन अधिकार क्यों न अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा ले लिया जाए? दावा आपत्ति हेतु निर्धारित आवेदन प्रारूप सार्वजनिक / आमसूचना जारी दिनांक 11/02/2026 से दिनांक 18/02/2026 तक जोन क्रमांक-10 नगर पालिक निगम, रायपुर के अमलीडीह स्थित कार्यालय (कक्ष क्रमांक-04) से कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है अथवा नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाइट https://nagarnigamraipur.nic.in/ से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

**जोन आयुक्त**
**जोन क्रमांक-10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**जांजगीर चाम्पा वनमण्डल के विभिन्न डिपो में रखे गये वनोपज के नीलाम हेतु मात्रा की जानकारी**

**नीलाम दिनांक 19.02.2026**

| अ. क्र. | डिपो का नाम | प्रजाति | पिछले नीलाम का शेष | | | | | | | नया वनोपज | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | लट्ठा | | बल्ली / डेंगरी | | जलाऊ | बांस | | लट्ठा | | बल्ली / डेंगरी | | जलाऊ | बांस | |
| | | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | चट्टा | नग | नो.टन | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | चट्टा | नग | नो.टन |
| 1 | निस्तार डिपो सक्ती | अन्य | 56 | 9.233 | | | | | | | | | | | | |
| | | सागौन | 30 | 2.880 | | | | | | 182 | 10.516 | 12 | 0.240 | | | |
| | | साल | 14 | 1.828 | | | | | | | | | | | | |
| | | सतकठा | | | | | 57 | | | | | | | | | |
| 2 | अकलतरा डिपो | सागौन | 29 | 3.846 | 384 | 3.127 | | | | | | | | | | |
| | | निलगिरी | | | 739 | 8.671 | | | | | | | | | | |
| | | सतकठा | | | | | | | | | | | | | | |
| | | आद्यो. बांस | | | | | | 70 | 0.044 | | | | | | | |
| 3 | जांजगरी | सागौन | 16 | 0.943 | 4 | 0.046 | | | | | | | | | | |
| | | अन्य | 184 | 26.511 | | | | | | | | | | | | |
| | | सतकठा | | | | | 114 | | | | | | | | | |
| 4 | पंतोरा डिपो | तेंदू | 130 | 20.861 | | | | | | | | | | | | |
| | | साजा | 45 | 9.337 | | | | | | | | | | | | |
| | | अन्य | 30 | 4.174 | | | | | | | | | | | | |
| | | हल्दू | 6 | 1.059 | | | | | | | | | | | | |
| | | बीजा | 4 | 0.572 | | | | | | | | | | | | |
| | | साल | 39 | 6.045 | 6 | 0.027 | | | | | | | | | | |
| | | सागौन | | | 6 | 0.101 | | | | | | | | | | |
| | | सतकठा | | | | | 1 | | | | | | | | | |
| योग | | | 583 | 87.289 | 1139 | 11.972 | 172 | 70 | 0.044 | 182 | 10.516 | 12 | 0.240 | 0 | 0 | 0.000 |

G-252606571/4

**वनमण्डलाधिकारी कटघोरा**
**वनमण्डल कटघोरा**

**जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – DOPR/DE/KHUNTI/18/2025-26

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Torpa | Construction of 50 Bedded Hostel at Residential Upgraded High School, Tapkara, Torpa, Khunti | 2,29,40,000.00 | 4,58,800.00 | 10,000.00 | 12 माह |
| 2 | Arki | Construction of 50 Bedded Hostel at ST Boy's Residential High School, Hunth, Arki, Khunti | 2,29,40,000.00 | 4,58,800.00 | 10,000.00 | 12 माह |

नोट :–
1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समयः– 16.02.2026 के अपराह्ण 05:00 बजे।
2. ई–निविदा डालने की अंतिम तिथिः– 22.02.2026 के अपराह्ण 05:00 बजे तक।
3. ई–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 22.02.2026 के अपराह्ण 05:00 बजे तक (e-Procurement Portal-jharkhandtenders.gov.in)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 24.02.2026 अपराह्ण 01:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. जिला परिषद, खूँटी / RWD/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
8. उपरोक्त निविदा का निष्पादन Double Bid System के अनुसार किया जायेगा।
9. खूँटी जिला अन्तर्गत वैसे संवेदक जिनका कार्य Work Program के अनुसार नहीं चल रहा है। वे इस निविदा में भाग लेने हेतु अयोग्य समझें जायेगे।
10. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड रॉची के संकल्प संख्या 2146 (एस) दिनांक 09.09.2024 में निहित प्रावधान के आलोक में संवेदक द्वारा 10 प्रतिशत से अधिक दर Quote करने Additional Performance Security की राशि निम्नवत जमा करनी होगी।
    (i) 10 से 20 प्रतिशित Below की राशि का 20 प्रतिशत तथा
    (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत की राशि जमा करना होगा।
11. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुरूप ही अग्रधन की राशि (ऑनलाईन) जमा करना होगा एवं इस संबंध में में कोई दावा मान्य नहीं होगा।
12. अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 372723 District (25-26)_D

**छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग मोहला वनमंडल मोहला**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, मोहला वनमंडल मोहला के अंतर्गत काष्ठागार डिपो मानपुर में उपलब्ध ईमारती / जलाऊ /व्यापारिक बांस/ औद्योगिक बांस का निम्नानुसार e-Auction किया जाना प्रस्तावित है । इच्छुक क्रेताओं से अनुरोध है कि, वे e-Auction में भाग लेवें e-Auction की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल / काष्ठागार मानपुर से प्राप्त की जा सकती है। **e-Auction Date - 23.02.2026 Time -9.00 AM से 7.00 AM**

**काष्ठागार का नाम-मानपुर**

| क्र. | प्रजाति | नये वनोपज (घन मीटर) | | | पुराने वनोपज (घन मीटर) | | | योग (घन मीटर) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईमारती | बल्ली | डेंगरी | ईमारती | बल्ली | डेंगरी | ईमा.घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| 1 | सागौन | 241.031 | 17.626 | 0 | 486.958 | 2.402 | 0 | 727.989 | 20.028 | 0 |
| 2 | बीजा | 26.749 | 2.516 | 0 | 315.584 | 0 | 0 | 342.333 | 2.516 | 0 |
| 3 | साजा | 39.391 | 0 | 0 | 140.496 | 0 | 0 | 179.887 | 0 | 0 |
| 4 | धावड़ा | 10.588 | 0 | 0 | 12.114 | 0 | 0 | 22.702 | 0 | 0 |
| 5 | हल्दू मुण्डी | 8.364 | 0 | 0 | 14.384 | 0 | 0 | 22.748 | 0 | 0 |
| 7 | घाठा | 6.060 | 0 | 0 | 1.823 | 0 | 0 | 7.883 | 0 | 0 |
| 8 | कसही | 0.00 | 0 | 0 | 3.003 | 0 | 0 | 3.003 | 0 | 0 |
| 9 | कर्रा | 3.090 | 1.758 | 0 | 2.036 | 0 | 0 | 5.126 | 1.758 | 0 |
| 10 | सेन्हा | 15.208 | 28.086 | 0 | 0 | 0 | 0 | 15.208 | 28.086 | 0 |
| 11 | सलिदा-मोदे | 12.094 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12.094 | 0 | 0 |
| 12 | नीलगिरी | 6.801 | 0.882 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6.801 | 0.882 | 0 |
| 13 | अन्य | 11.044 | 0 | 0 | 21.586 | 0 | 0 | 11.044 | 0 | 0 |
| | **योग** | **380.420** | **50.868** | **0** | **997.984** | **2.402** | **0** | **1356.818** | **53.270** | **0** |
| | | | | | | | | | | |
| | | नग | नो. टन | | नग / बंडल | नो. टन | | | नग | नो. टन |
| 01 | व्यापारिक बांस | 30000 | 68.750 | | 3000 | 6.874 | | - | 33000 | 75.624 |
| 02 | औद्योगिक बांस | 0 | 0 | | 1600 | 23.333 | | - | 1600 | 23.333 |
| | | नग | | | | | | नग | | |
| 01 | जलाऊ च.सं. | 700 | | | | | | 700 | | |
| | डिपो उपभोक्ता डिपो चौकी | | | | घन मीटर | | | घन मीटर | | |
| 01 | सागौन | 0 | 0 | 0 | 6.674 | 0 | 0 | 6.674 | 0 | 0 |
| | योगः- | 0 | 0 | 0 | 6.674 | 0 | 0 | 6.74 | 0 | 0 |

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कामर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते हैं।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

**वनमंडलाधिकारी**
**मोहला वनमंडल मोहला**

G-252606583/5

epaper : www.haribhoomi.com

**हरिभूमि CLASSIFIED**

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** नियोजन अधिकारी प्रतिदिन 500 से 5000 कमाने का सुनहरा अवसर, वर्किंग पार्टनर, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली संपर्कः- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालयः- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7747000016, 7746000016. (RO-348)

**टेलीकॉलर**

**Requirment-** Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job. 3rd floor, Radhey Chambers, Pandri.Contact 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

**ड्रायवर**

**आवश्यकता है-** घरेलु गाड़ी व एम्बुलेंस चलाने 2 ड्राइवर की आवश्यकता है, रहने की सुविधा संपर्कः- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009. (RO-524)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**सुरक्षागार्ड**

**आवश्यकता है-** वायर ड्राइंग मशीन चलने वाले अनुभवी ऑपरेटर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार । संपर्क करे - 8889995519, 9589070070, 7974007179. (RO-meeth)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है। (रहना + खाना फ्री लड़को के लिए) वेतन योग्यतानुसार पता- HP अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप शंकर नगर चौक रायपुर संपर्क करें - 9340741230. (RO-6666)

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है डीजल पेट्रोल डालने हेतु- 06 संपर्क करें: झाबक सर्विस स्टेशन रिंग रोड नं. 2 रायपुर मोबाइल नं.- 9039369400. वेतन योग्यतानुसार (RO-6664)

**सेल्स एक्जीकेटिव**

**आवश्यकता है-** रीजॉय सोलर पावर में सेल्स एग्जीक्यूटिव, वीडियो एडिटर/ वीडियोग्राफर ,पता- प्रगति नगर मार्केट रिसाली भिलाई ,नियर होटल समाइरा इन मो .9770577527.(आरो न.-220)

**ऑफिस कार्य**

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग ऑफिस हेतु युवतियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है, योग्यता- 10th, 12th (सैलरी- 5000 +कमीशन +बोनस ट्रेनिंग बाद 8,000/- से 10000/- महीना, कमल विहार, सेक्टर- 9, निकट SVH हॉस्पिटल रायपुर 7999321229. (RO-523)

**टीचर**

**Wanted-** A Female School Teacher From DPS, KPS, N.H. Goel, Gyan Ganga School For 10th Class Student Salary 20,000/- p.m. Place- Shankar Nagar Raipur mobile 8827674988, 7224993938. (RO-6668)

**वेटर**

**आवश्यकता है-** वेटर चाहिए रूम सर्विस कार्य हेतु वेटर होटल गिरधर भवन, सदर बाजार, रायपुर के लिए चाहिए, वेतन योग्यतानुसार संपर्क प्रातः 10 से 5 बजे तक- मोबाइल 9300098443, 9993044133.(RO- 1450)

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-** दवा कंपनी में कार्य हेतु, आठवीं/दसवीं पढ़े लड़कें/लड़कियों की आवश्यकता है, दुर्ग-भिलाई निवासी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- डॉ.एच.सी.अग्रवाल मो.- 96177-89223, 94255-55659 मिलने का समय- शाम 5बजे से 8बजे तक पताः-स्टेशन रोड स्वरूप टॉकिज के सामने ब्राइट फर्नीचर के पीछे दुर्ग(छ.ग.) (आरो न.-4136)

**मिस्त्री**

**आवश्यकता है-** मिठाई एवं नाश्ता बनाने के लिए हलवाई मिस्त्री की आवश्यकता है मिस्त्री का वेतन 18000 से 30000) एवं होटल में काम करने हेतु लड़के चाहिए (लड़के का वेतन 9000 से 18000) पता- यदुनन्दन नगर तिफरा बिलासपुर 9300521234.(RO-39887)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**ऑपरेटर/अकाउन्टेंट**

**आवश्यकता है-** बर्जर पेंट्स शॉप में एक कंप्यूटर ऑपरेटर/ एकाउंटेंट (male/female) की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यतनुसार अमृत सेल्स कॉर्पोरेशन, स्टेशन रोड, रायपुर मोबः 9827174205. (RO-Meeth)

**Property प्रापर्टी**

**बेचना है-** कृषि भूमि 9.78 एकड़ 4 मोटर पंप, अर्जुंदा से डंगनिया दुर्ग रोड पर। राइस मिल, पोल्ट्री फार्म, औद्योगिक उपयोग हेतु अति उत्तम। संपर्क- 97524 - 08700. (आरो न.-221)




**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**हमारा अशियाना**




**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें**
**62638-18152**





# फसलों की रक्षा करते हैं मेढ़ो देव

परम्परा
डा किरण नुरूटी

बस्तर के अलावा छत्तीसगढ़ के गांवों में प्रथमतः माता के रूप में पूजी जाने वाली खेरामाई अर्थात गांव की रक्षा, सुख समृद्धि प्रदान करने वाली माता की स्थापना ग्राम के बीचों बीच चिह्नांकित किसी जीवनदायिनी वनस्पति के मूल में किया जाता है। उसी प्रकार आदिवासियों के जीवन निर्वाह के साथी उसके पालतू पशु, पक्षी आदि की रोग, वन्य जीवों से सुरक्षा आदि के लिए खीला मुठवा देव तथा खेती के लिए उपयोग में लाई जाने वाली औजार, बोई जाने वाली बीज तथा फसलों की कीट पतंगों, जानवरों से सुरक्षा



इत्यादि के लिए ठाकुर देव की स्थापना भी किसी वनस्पति के मूल में ही की जाती है। उसी प्रकार मेढ़ो देव को ग्राम की सरहद पर स्थापित किया जाता है। सरहद यानि गांव का मेढ़। गांव के मेढ़ या सरहद पर रहकर गांव की सुरक्षा करने वाला मेढ़ो देव है जिसे नारसेन देव भी कहते हैं। क्षेत्रीय बोली -भाषा के आधार पर इन ग्राम देवी देवताओं के नाम के उच्चारण में अंतर हो सकता है, किन्तु इनकी स्थापना का उद्देश्य ग्रामवासियों की विभिन्न प्रकार के रोग, दोष, कलह, हिंसक जानवरों से सुरक्षा, प्राकृतिक आपदा से सुरक्षा, अपने पालतू पशुओं की सुरक्षा, फसल की सुरक्षा एवं सुखी जीवन की सुरक्षा के उद्देश्य से की जाती है। इसकी स्थापना एवं पूजा प्रकृति मूलक ग्राम जीवन का गौरव है।

संस्कृति
आचार्य सरयूकांत झा

## प्राचीन काल में भी तकनीकी विश्वविद्यालय रही छत्तीसगढ़ में



अति प्राचीन काल से ही साधना और ज्ञान का क्षेत्र छत्तीसगढ़ रहा है। इसी क्रम में भगवती चित्रोत्पला गंगा (महानदी) के तट पर कर्दम ऋषि के आश्रम में एक ऐसे विश्वविद्यालय का वर्णन मिलता है जैसा आज भी अति उन्नत देशों में कहीं कहीं ही दिखाई पड़ता है। कर्दम ऋषि का तपोवन बिलासपुर जिले के शिवरीनारायण में स्थित है। प. रविशंकर शुक्ल वि. वि. के पूर्व कुलपति एवं विज्ञान तकनीक क्षेत्र के विख्यात विद्वान डा. रत्न कुमार के अनुसार कर्दम मुनि एक ऐसे विश्वविद्यालय के कुलपति थे जिसने उड्डयन विद्या की तकनीक को विकसित किया था इस काल में पुष्पक विमान अति प्रसिद्ध था। यह विमान पहले कुबेर के पास था। इन विमानों की निर्माण स्थली कर्दम ऋषि के आश्रम में था। ऋषि अपनी पत्नी देवहूति को स्वर्ग लोक और दूसरे लोकों में घुमा कर उनका मनोरंजन करते थे, उन्होंने अन्य लोकवासियों से उनका परिचय कराया था।

लोक साहित्य
नंद किशोर तिवारी

## अंचल में बोली और भाषा में एकरूपता लाने पर जोर




छत्तीसगढ़ी अत्यंत सरल भाषा है क्लिष्टता का आरोप उस पर जबरन लगाया जाता है। बोलचाल में जब कोई भी व्यक्ति छत्तीसगढ़ी समझ और बोल सकता है तो भाषा कैसे क्लिष्ट हो सकती है। छत्तीसगढ़ी की लिपि हिन्दी की भांति देवनागरी है। जैसे लिखी जाती है वैसे ही उच्चारित भी होती है। जिस तरह हिन्दी को आसानी से पढ़ा और लिखा जा सकता है, ठीक वही स्थिति छत्तीसगढ़ी की भी है। छत्तीसगढ़ी भाषा का मानकीकृत रूप अभी सामने नहीं आया है। अभी तो विविधता में एकता के मंत्र का अलख जगा रही है। जैसे ही छत्तीसगढ़ी शिक्षा और राजकाज की भाषा बनेगी, उसका एक मानकीकृत रूप भी सामने आएगा। छत्तीसगढ़ी भाषा को सरल रूप में समझने के लिए उसे उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम में विभाजित किया गया है। उत्तर की बोलचाल की भाषा हलबी, पूर्व की भाषा लारिया, पश्चिम की भाषा खल्टाही और मध्य की भाषा छत्तीसगढ़ी कहलाती है। यह सभी भाषाएं स्थानीय रूप में या निश्चित समुदाय द्वारा परिवार के बीच ही व्यवहार में लाई जाती है। यह सारी भाषाएं छत्तीसगढ़ की आत्मा हैं। छत्तीसगढ़ी अपने परिवार की भाषाओं के प्रयोग सिद्ध शब्दों को लेकर अपना मानकीकरण के साथ कोड़ीकरण करेगी और विविधता की अवधारणा को और भी समृद्धशाली बनाएगी।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

मेला मड़ई
दरवेश आनंद

# बस्तर अंचल का प्रसिद्ध चेरपाल का मेला



बस्तर अंचल में बीजापुर जिला मुख्यालय से 13 किलोमीटर की दूरी पर चेरपाल स्थित है। कहा जाता है कि पूर्व में इसका नाम एरपाड़ था जो गोंडी शब्द है। एर का अर्थ पानी और पाड़ का अर्थ स्थल अर्थात पानी वाला स्थान। पूर्वजों के अनुसार ग्राम में एक झरना बहता था जिसके जल का उपयोग ग्रामवासी करते थे। उसी झरने के पानी के कारण उसे एरपाड़ कहा जाता था, यही नाम कालांतर में चेरपाल हुआ। इस ग्राम का ग्राम देवता पोतराज है।

पोतराज देव दंतेवाड़ा में विराजित माई दंतेश्वरी और पुजारी कांकेर में स्थित धर्मराज मंदिर से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि वारंगल से जब मां दन्तेश्वरी का आगमन बस्तर में हुआ उसी दौरान चेरपाल में विराजमान पोतराज भी उनके साथ यहां आए। मां दंतेश्वरी दंतेवाड़ा चली गई पर पोतराज देव चेरपाल में रुक गए। पोतराज के छः भाई थे। प्रति वर्ष मार्च महीने में चेरपाल ग्राम में पोतराज मेले का आयोजन किया जाता है। सर्वप्रथम काके कोरमा ग्राम की



पहाड़ियों पर पूजा अर्चना के बाद ही पोतराज देव अवतरित होते हैं। कहा जाता है कि इसी पूजा के दौरान पूजा स्थल पर दो सौ बांस के झुरमुट नजर आते हैं। इस मेले के आयोजन के पूर्व पारंपरिक रिवाजों के अनुसार ग्रामवासियों द्वारा शिकार भी किया जाता है। मेले के आयोजन के पश्चात ही कोई भी शुभ कार्य आदि संपन्न किए जाते हैं।

धरोहरः विजय शर्मा

## खूबियों से भरा गंधमार्दन पर्वत



गंधमार्दन पर्वत 12 पहाड़ों की श्रृंखला से मिलकर बना है।रामायण के अनुसार लक्ष्मण को जब शक्ति बाण लगी तब सुखैन वैद के अनुसार संजीवनी बूटी लाने हनुमानजी वहां गए और पर्वत को उठाकर ला रहे थे तो भरत जी ने विशाल राक्षस समझ हनुमान को बाण से प्रहार किया, जिससे पर्वत के दो भाग हो गए इनमें एक भाग यही पर्वत है। विष्णु पुराण के अनुसार कपिल मुनि का आश्रम भी था। वह पास के झरने में स्नान किया करते थे, उन्हीं के नाम से उसे कपिल धारा कहते हैं। भीम जिस धारा पर स्नान करते थे उसे भीम धारा कहते हैं। शेष भाई जहां स्नान करते थे उसे पांच पांडव घाट और चाल धारा के नाम से भी जानते हैं। यहां भगवान शंकर और जैनियों के कलात्मक मूर्तियां भी देखने को मिलते हैं। यहां खारवेल शासन काल की पत्थरों पर गणेश और ब्रह्मा जी की खुदी हुई मूर्तियां हैं। यहां मूषक राक्षस ने भगवान विष्णु से युद्ध किया, परिणामस्वरुप मूषक प्राण रक्षा के लिए चूहे का रूप लेकर दर्रे पर घुस कर बिल्ली बन गए, जिसकी आज भी पूजा होती है।

सुरता
रामहृदय तिवारी

## यादों के आईने में रामचंद्र देशमुख

छत्तीसगढ़ी लोकमंचीय विकास के जीते जागते इतिहास बन गए रामचंद्र देशमुख जी। साधन सम्पन्नता के साथ साथ उनमें प्रतिभा और क्षमता का विलक्षण भंडार था। वे कृषि विशेषज्ञ, कानूनविद, वैद्य विषारद, साहित्यनुरागी और लोक कलाओं के मर्मज्ञ थे। अंतिम क्षणों तक युवाओं सा तेवर और उत्साह से भरा जिजीविषा उनकी बनी रही। विचार और चिंतन में स्पष्टता के साथ निर्भीकता थी। साहित्यकारों, कलाकारों और विद्वानों का सम्मान करना तथा उनका संगत करना उनके स्वभाव में था। राजनीति के प्रति उनका लगाव नगण्य रहा। नेतृत्व के साथ संगठन क्षमता से भरपूर रामचंद्र देशमुख भाग्यशाली थे, कि उन्हें समर्पित सहयोगी मिले। परिस्थितियों की नब्ज को पहचानने में वे माहिर थे। देशमुख जी को करीबी से गांधी जी से प्रत्यक्ष मिलने,देखने और सुनने का अवसर मिला, जिसका जिक्र वे बड़े फक्र के साथ करते थे। गांधीजी की समय की पाबंदी और साध्य साधन की शुचिता के हिमायती थे, इसका पालन वे अपनी दिनचर्या और मंचों में किया।



कला जगत : प्रो. नवरतन साव

## जनजातियों में देवी देवता के लिए गीतों में अनुष्ठान मंत्र



जनजातियों के व्रत त्योहारों में देवी देवताओं के प्रति अटूट विश्वास आज भी जीवंत है। मरी मसान, डीह डीहवार, भूत प्रेत और पूर्वजों को अलौकिक सत्ता से संपन्न मानते हैं और उनकी संतुष्टि प्रसन्नता के लिए नृत्य गीत, जादू मंत्र, टोना टोटका, ओझाई आदि उपक्रम अपने विश्वासों के अनुरूप करते हैं। इनके पीछे इनका आदिम विश्वास और अधिमान्यताएं कार्य करती हैं। जनजातियां अपनी भाषा का प्रयोग करती हैं। मंत्रों के माध्यम से देवताओं को आव्हान किया जाता है देखें यह अनुष्ठानिक मंत्र-

ईटकी पाट, किटकी पाट, लावा पाट, लवई पाट
केंदा पाट, कटवा पाट, कैमूर पाट, बघेसर पाट
तिल्ला पाट, बछाड़ा पाट, महरका पाट, छारपुर छात्राही
नगर पाट का झलापा देवी भवानी खड़ा हो।



बांग्लादेश ने अमेरिका के साथ किया एक समझौता

# अमेरिका ने बांग्लादेश पर शुल्क घटाकर किया 19 प्रतिशत, परिधान उत्पादों पर मिलेगी छूट

एजेंसी ▸▸ ढाका

बांग्लादेश ने अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौता किया है जिसके तहत उस पर लगने वाला शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके तहत अमेरिकी सामग्री से निर्मित कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों को छूट भी मिलेगी। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने यह जानकारी दी। यूनुस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सोमवार को जानकारी दी कि अमेरिका ने /"अमेरिका में उत्पादित कपास एवं मानव निर्मित 'फाइबर' से बने बांग्लादेश से आने वाले कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों को अमेरिकी बाजार में शून्य शुल्क पर जगह देने के लिए एक तंत्र स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई है।'' अमेरिका समर्थक रुख के लिए पहचाने जाने वाले यूनुस ने कहा कि यह समझौता पिछले साल अप्रैल से नौ महीने की बातचीत के बाद हुआ है। अमेरिकी वित्त विभाग या अमेरिकी प्रशासन के किसी कार्यालय की ओर से हालांकि इसपर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई।



## शुल्क को घटाकर 15 फीसदी करने की उम्मीद

इस दक्षिण एशियाई देश ने पिछले साल अगस्त में अपने निर्यात पर अमेरिकी शुल्क को घटाकर 20 प्रतिशत करा लिया था जो पहले 37 प्रतिशत था। बांग्लादेशी नीति निर्माताओं ने पहले कहा था कि उन्हें उम्मीद थी कि शुल्क को घटाकर 15 प्रतिशत किया जा सकता है। व्यापार विश्लेषकों ने हालांकि कहा कि यह समझौता बांग्लादेश के परिधान निर्यातकों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है, क्योंकि आरएमजी क्षेत्र की देश की कुल निर्यात आय में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।

## अमेरिका से गेहूं, सोयाबीन आयात पर नहीं लगेगा शुल्क

वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि कपास के अलावा इस समझौते में अमेरिका से गेहूं, सोयाबीन एवं एलएनजी आयात करने, ई-कॉमर्स पर शुल्क नहीं लगाने, अमेरिका द्वारा निर्धारित बौद्धिक संपदा अधिकार मानकों का पालन करने तथा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में सुधार के लिए अमेरिकी प्रस्तावों का समर्थन करने जैसे प्रावधान भी शामिल हैं। बांग्लादेश ने हाल ही में अमेरिकी वैमानिकी कंपनी बोइंग से 25 विमान खरीदने पर सहमति जताई है, जिसकी अनुमानित लागत 30,000–35,000 करोड़ टका है। यह कदम अमेरिकी शुल्क को कम कराने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है।

# ओकाडो ग्रुप में 1000 कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी, तीसरे साल मचेगी भगदड़!

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

छंटनी की मार लगातार बढ़ती ही जा रही है। ब्रिटेन की सुपरमार्केट टेक्नोलॉजी कंपनी ओकाडो ग्रुप पीएलसी ने लागत में कटौती के प्रयासों को तेज कर दिया है। कंपनी की योजना अधिकतम 1,000 कर्मचारियों की छंटनी का है। ब्रिटिश मीडिया ने इसका खुलासा 8 फरवरी 2026 को अपनी रिपोर्ट्स में किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ओकाडो में जितने एंप्लॉयीज को निकालने की योजना है, वह इसके कुल ग्लोबल वर्कफोर्स का करीब 5 प्रतिशत हिस्सा होगा। हालांकि इसके लिए बातचीत अभी शुरुआती अवस्था में है और इस पर फैसला लिया जाना अभी बाकी है।




## इस बार इन एंप्लॉयीज पर होगा असर

*ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक छंटनी इसी महीने से हो सकती है और इसका असर कंपनी के यूके स्थित मुख्यालय पर पड़ेगा। इस कटौती से टेक्नोलॉजी से जुड़े पदों के साथ-साथ लीगल, फाइनेंस और ह्यूमन रिसोर्सेज यानी एचआर जैसी बैक-ऑफिस जॉब्स भी प्रभावित हो सकती हैं। ओकाडो के मुताबिक वह अपनी लॉन्ग-टर्म सक्सेस को सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर कारोबार की समीक्षा करती है। कंपनी का कहना है कि जब भी ऐसा कोई फैसला होता है तो सीधे कर्मचारियों से संपर्क किया जाता है और उन्हें हर समय सहयोग देना सुनिश्चित किया जाता है।*

HMS घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
गैस आउट सिरप
गैस, अरुचि, कब्ज़, अफरा, अपचन में तुरंत असरकारक नैचुरल आयुर्वेदिक है
सुगर के मरीज भी ले सकते हैं...
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

**बिजनेस साइट**

## चार धाम यात्रा 2026: श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति की 50% बुकिंग पूर्ण

**बिलासपुर।** श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति द्वारा वर्ष 2026 के लिए आयोजित की जा रही 15 दिवसीय चार धाम यात्रा की बुकिंग प्रारंभ हो चुकी है, जिसमें अब तक 50 प्रतिशत सीटें भर चुकी हैं। समिति द्वारा आयोजित इस पावन यात्रा में गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ के साथ-साथ हरिद्वार, ऋषिकेश, त्रियुगी नारायण, तुंगनाथ, चोपता, धारी देवी, माणा गाँव (भारत का अंतिम गाँव), काशी विश्वनाथ दर्शन एवं पंच प्रयाग दर्शन (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) शामिल हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए यात्रा में हरिद्वार तक आने-जाने की ट्रेन टिकट, हरिद्वार से संपूर्ण यात्रा के लिए 2×2 (27 सीटर) छोटी बस/टेम्पो ट्रैवलर, रात्रि विश्राम के लिए होटल/धर्मशाला, छत्तीसगढ़ कुक टीम द्वारा गर्म नाश्ता एवं रात्रि भोजन, ट्रेन में लंच सुविधा, पूरे मार्ग में अनुभवी मैनेजर/गाइड, तथा घोड़ा, खच्चर एवं पालकी की व्यवस्था के लिए पूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। चार धाम यात्रा का शुल्क स्लीपर 21,500, 3एसी 29,500 एवं 2एसी 35,500 प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है, जिस पर 5 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त देय होगा। श्रद्धालु केवल 20 प्रतिशत एडवांस राशि जमा कर ऑनलाइन बुकिंग करा सकते हैं। यात्रा की तिथियाँ 18 अप्रैल, 04 मई, 10 मई, 16 मई, 22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून एवं 15 जून 2026 निर्धारित की गई हैं।



**Home First Finance Company India Limited**
homefirst We'll take you home
CIN: L65990MH2010PLC240703,
Website: homefirstindia.com Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]**

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के सह पठित के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी (ओं) और सह-ऋणी (ओं) को स्तंभ (ii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इसके बकाया तथा ब्याज की वसूली के लिए लिया गया है, जैसा कि नीचे विस्तृत रूप से बताया गया है तथा बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, धारा 12 के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नीचे हस्ताक्षरकर्ता उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री से बकाया राशि वसूलने का प्रस्ताव है और इसे "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे वर्णित है। होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को देय कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी "ऑन लाइन" आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं) एवं सह ऋणधारक (ओं) के नाम | संपति का पता | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की राशि | कब्जा की तिथि | बाजार मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि व समय | ईएमडी व दस्तावेजों के प्रस्तुति की तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जितेन्द्र सोनी, नोविता सोनी | ख.नं.-1548/79, प.ह.नं.-50, ग्राम कैलाश नगर, प्लॉट नंबर- 53 का भाग, एकता चौक से लोहिया रोड, कुरूद वार्ड, वार्ड नंबर- 16, भिलाई, तह. एवं जिला- दुर्ग, दुर्ग, छत्तीसगढ़, 490023 चौहद्दी : उत्तर-सड़क, दक्षिण-निशा शुक्ला का मकान, पूर्व-हनुमंतु रवि का मकान, पश्चिम-बिहारी लाल का मकान। | 03-08-2025 | 16,48,563 | 08-01-2026 | 17,00,000 | 1,70,000 | 13-03-2026 (11 am-2pm) | 11-03-2026 (up to 5pm) | 7008279115 |

| ई-नीलामी सेवा प्रदाता | ई-नीलामी वेबसाइट/ विवरण, अन्य नियम एवं शर्तों हेतु | खाता संख्या: ईमडी/अन्य राशि जमा करने हेतु | शाखा आईएफएससी कोड | लाभार्थी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| कंपनी का नाम : ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीस लि. (आक्शन टाईगर) हेल्प लाईन नंबर : 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति : राम शर्मा-8000023297 e-Mail id : ramprasad@auctiontiger.net and support@auctiontiger.net. | http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net | 912020036268117 होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड एक्सिस बैंक लि. एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व | UTIB0000395 | अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड |

**बोली वृद्धि राशि - रु. 10,000/-।** बिक्री वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी। ई-नीलामी निविदा दस्तावेज जिसमें ऑनलाइन ई-नीलामी बोली फॉर्म, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें शामिल हैं, पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के शीर्षक और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की किसी भी प्रतिबद्धता या किसी भी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही इसे माना जाएगा। संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। **किसी प्रकार की अस्पष्टता के मामले में नोटिस का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जायेगा।**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना**

ऋणधारक/जमानतदार को ई-नीलामी की तिथि से पहले मांग सूचना में उल्लिखित राशि के साथ-साथ वर्तमान ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

दिनांक : 11-02-2026 स्थान : भिलाई

द्वारा हस्ताक्षरित, प्राधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

# इट्सा हॉस्पिटल में हार्ट अटैक मरीज का सफल इलाज



**रायपुर।** सड्डू अंबुजा मॉल के पास स्थित इट्सा हॉस्पिटल में हाल ही में एक गंभीर कार्डियक इमरजेंसी में सफल इलाज किया गया। नागपुर निवासी 73 वर्षीय सिंगर एक शादी समारोह में गाने के दौरान हार्ट अटैक का शिकार हो गए। सौभाग्य से उनके परिवार में मौजूद डॉक्टर ने मौके पर ही सीपीआर शुरू कर दी, जिससे मरीज जीवित रहे और रात में इट्सा हॉस्पिटल लाया गया। इमरजेंसी डिपार्टमेंट में डॉ ऋचा कश्यप और उनकी टीम ने मरीज की कंडिशन को गंभीर पाते हुए तुरंत वेंटिलेटर में डालकर जीवन रक्षक कार्रवाई शुरू की। ईसीजी और सीटी स्कैन में पता चला कि सिर्फ हार्ट अटैक नहीं, बल्कि हृदय की दीवार फट चुकी थी और रक्त हृदय के आसपास फैल गया था। सीरियस ब्लॉक और फटी हृदय दीवार की वजह से तुरंत सर्जरी की जरूरत थी। सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अक्षत जैन और कार्डियोथोरेसिक सर्जन डॉ अजय चौरसिया ने टीमवर्क के साथ सफल सर्जरी पूरी की। आईसीयू में डॉ राहुल सिंह, डॉ मिलिंद काटकवार और डॉ वेंकट रमण बुटला ने 24 घंटे निगरानी व लाइफ सपोर्ट प्रदान किया। एनेस्थीसिया सपोर्ट डॉ नीतिका वीरेंद्र सहाय और न्यूरोलॉजिकल निगरानी डॉ अभिजीत कुमार कोहाट ने संभाली। कुछ दिनों की गहन देखभाल और पुनर्वास के बाद, मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने परिवार के पास लौटे। इट्सा हॉस्पिटल का यह केस यह साबित करता है कि समय पर सीपीआर, त्वरित इमरजेंसी रिस्पांस और कुशल टीमवर्क जीवन को बचाने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**क्रम सं. (1) ई-निविदा संख्या डीआरम-इंजी.-बीएसपी-टी-187-25-26, दिनांक: 06/02/2026**

**कार्य** : बिलासपुर मंडल के अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन के निर्माण में बचे हुए कार्य जो बिरसिंहपुर (BRS)-लोरहा (LOA) और चंदिया रोड (CHD)-रूपौंद (RPD) सेक्शन के बीच साइड ड्रेन, रिटेनिंग वॉल/टो वॉल का कार्य, सेस की मरम्मत, पिचिंग का कार्य, ज्यादा विजिबिलिटी के लिए फॉर्मेशन मे एक्स्ट्रा चौडाई में मिट्टी का कार्य, नाले से गाद हटाना, पी वे का कार्य और अन्य संबंधित विविध कार्यो का निष्पादन।

**निविदा मूल्य (रु):** 25,62,56,014.21- **अमानत राशि (रु)** :14,31,300/- **कार्य पूर्णता की अवधि** : 12 माह

**क्रम सं. (2) ई-निविदा संख्या डीआरएम-इंजी-बीएसपी-टी-188-25-26. दिनांक: 06/02/2026**

**कार्य** : बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता मनेन्द्रगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत 10 टाइप-II रेलवे क्वार्टर का निर्माण एवं वरिष्ठ मंडल अभियंता उत्तर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत साइड कॉलोनी की सुविधाओं में सुधार, जिसमे ढलान वाली छत, फॉल्स सीलिंग, सैनिटरी फिटिंग, शौचालय, फर्श, पुट्टी, दरवाजे और खिड़कियां, किचन का फर्श, बारिश का पानी इकट्ठा करने का सिस्टम, चेन लिंक फेंसिंग और पहुंच मार्ग का कार्य शामिल हैं।

**निविदा मूल्य (रु):** 7,91,49,060/- **अनामत राशि (रु):** 5,45,800/- **कार्य पूर्णता की अवधि** : 12 माह

**क्रम सं. (3) ई-निविदा संख्या डीआरएम-इंजी-बीएसपी-टी-189-25-26, दिनांक: 06/02/2026**

**कार्य** : बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता मनेन्द्रगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बिजुरी (बी जे आर आई) और कमलपुर ग्राम (के एल पी जी) गुड्स शेड में गैलवेल्यूम शीट, स्प्रिंकलर और अन्य संबद्ध विविध कार्य का प्रावधान।

**निविदा मूल्य (रू):** 20,11,37,688/- **अमानत राशि (रू)** : 11,55,700/- **कार्य पूर्णता की अवधि** : 12 माह **निविदा जमा करने की आरंभ तिथि** :दिनांक 13-00-2006 में। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि** : दिनांक 27-02-2006 के 11-00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/AM/676 द.पू.म.रेलवे बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

## टोरेंट पावर का लाभ 34% बढ़कर 655 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** टोरेंट समूह की कंपनी टोरेंट पावर लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ करीब 34 प्रतिशत बढ़कर 654.74 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से राजस्व में वृद्धि के कारण मुनाफे में यह उछाल आया है। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 489.33 करोड़ रुपये रहा था। टोरेंट पावर ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 6,847.02 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,671.25 करोड़ रुपये थी।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैटनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी, खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

# बीसीसीआई ने दिखाए कड़े तेवर, वर्ल्ड कप अभियान के दौरान परिवार के साथ नहीं रहेंगे भारतीय खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए बीसीसीआई ने सख्त कदम उठाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई ने अपनी सख्त नीतियों पर कायम रहते हुए टी20 वर्ल्ड कप अभियान के दौरान खिलाड़ियों के परिवारों को उनके साथ रहने से रोक दिया है। बता दें, टी20 वर्ल्ड कप में इंडियन टीम ग्रुप स्टेज के तीन मुकाबले भारत में ही खेलने वाली है। बीसीसीआई के नियम के मुताबिक 45 दिनों से ज्यादा चलने वाली सीरीज या टूर्नामेंट के लिए परिवार के सदस्य खिलाड़ियों के साथ 14 दिनों तक रह सकते हैं, जबकि छोटे टूर के लिए यह लिमिट घटाकर सिर्फ सात दिन कर दी गई है।



### कर सकते हैं अलग से इंतजाम

रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय टीम मैनेजमेंट ने क्रिकेटरों के परिवारों को उनके साथ रहने की इजाजत देने के बारे में सफाई मांगी थी, लेकिन बोर्ड ने साफ कहा कि परिवार खिलाड़ियों के साथ नहीं रहेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है, "बोर्ड ने साफ कर दिया है कि परिवार खिलाड़ियों के साथ नहीं रहेंगे। हालांकि, अगर वे चाहें तो अलग से इंतजाम कर सकते हैं।" भारत टी20 वर्ल्ड कप के दौरान लीग फेज के तीन मैच घर पर और एक गेम कोलंबो में खेलेगा। यह मैच भारत पाकिस्तान के खिलाफ होगा।

### खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर पड़ सकता है असर

भारतीय टीम 2024 में न्यूजीलैंड से भारत में ही 0-3 से हारी थी और फिर ऑस्ट्रेलिया में 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 1-3 से हार हुई थी। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में भारत के खराब प्रदर्शन की स्थिति को देखते हुए ऐसा किया गया था। अधिकारियों का मानना था कि परिवारों के साथ होने से, खासकर विदेशी मैचों के दौरान, खिलाड़ियों का ध्यान भटक सकता है और उनके प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा, बीसीसीआई ने एक नियम बनाया है जिसके तहत सभी खिलाड़ियों को हर समय टीम के साथ यात्रा करनी होगी।

# पाकिस्तान ने अमेरिका को हराया, स्पिनरों ने किया शानदार प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (73 रन) के अर्धशतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका को टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में 32 रन से शिकस्त दी। फरहान की 41 गेंद में 73 रन की पारी की बदौलत पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 190 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

फिर उस्मान तारिक (27 रन देकर तीन विकेट), मोहम्मद नवाज (21 रन देकर एक विकेट), शादाब खान (26 रन देकर दो विकेट) और अबरार अहमद (30 रन देकर एक विकेट) की स्पिन चौकड़ी ने अमेरिका को 20 ओवर में आठ विकेट पर 158 रन ही बनाने दिए। यह इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की लगातार दूसरी जीत थी, जिससे अब टीम चार अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर है।



### पाकिस्तान के अंतिम दो ओवर में गिरे 5 विकेट

इससे पहले फरहान के अलावा पाकिस्तान के लिए केवल तीन और बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके, जिसमें बाबर आजम ने 46 रन और शादाब खान ने 30 रन का योगदान दिया। सईम अयूब ने 19 रन बनाए। पाकिस्तान ने अंतिम दो ओवर में पांच विकेट गंवाए। अमेरिका के लिए तेज गेंदबाज शैडली वान शाल्कविक सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने चार ओवर में 25 रन देकर चार विकेट झटके। शाल्कविक ने भारत के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में भी अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया था।

### शुभम रंजने ने जड़ा अर्धशतक

अमेरिका के शुभम रंजने (51 रन, 30 गेंद) ने अर्धशतक जड़ा लेकिन यह टीम के काम नहीं आ सका। सलामी बल्लेबाज श्यान जहांगीर (34 गेंद में 49 रन) और एंड्रीस गौस (13 रन) ने अमेरिका को अच्छी शुरूआत दी। इससे पांचवें ओवर में टीम का स्कोर 42 रन था लेकिन स्पिनरों के आने से मैच का रुख बदल गया। नवाज की गेंद पर गौस डीप में सलमान आगा के हाथों कैच आउट हुए। पिछले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान को हराने वाली अमेरिका की टीम ने पावरप्ले खत्म होने तक एक विकेट पर 50 रन बना लिए थे। लेकिन उसके बाद स्पिनरों के आने से उनके लिए सब कुछ मुश्किल हो गया। अमेरिका के 8 में से 7 विकेट स्पिन गेंदबाजों के नाम रहे।



### आयरलैंड के खिलाफ मैच में नहीं खेलेंगे टिम

**कोलंबो।** टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया अपना पहला ग्रुप मैच आयरलैंड के खिलाफ बुधवार को खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श ने कहा है कि विस्फोटक बल्लेबाज टिम डेविड इस मैच का हिस्सा नहीं होंगे। डेविड हैमस्ट्रिंग इंजरी से रिकवरी कर रहे हैं। मार्श ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "वह पहले मैच का हिस्सा नहीं होंगे, लेकिन निश्चित रूप से अगले कुछ मैचों में वह टीम में दिखेंगे।" टिम डेविड बिग बैश लीग के दौरान बॉक्सिंग डे पर इंजर्ड हो गए थे। उसके बाद से वह क्रिकेट से दूर हैं। उनकी रिकवरी की गति अच्छी है। कोलंबो में बुधवार को वैकल्पिक अभ्यास को छोड़कर हर बैटिंग सेशन में उन्होंने हिस्सा लिया है और मंगलवार को मैच के कपड़ों में विकेटों के बीच फुल-इंटेंसिटी स्प्रिंट सहित कई रनिंग और फील्डिंग ड्रिल भी पूरी की हैं। इसके बावजूद ऑस्ट्रेलियाई टीम डेविड को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहती है।

## यूएई को 10 विकेट से शिकस्त देकर कीवी टीम ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत

**174 का लक्ष्य 15 ओवर में पार**

# ओपनर्स की रिकॉर्ड साझेदारी, न्यूजीलैंड ने यूएई को बिना विकेट गंवाए हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टिम सिफर्ट (नाबाद 89) और फिन एलन (नाबाद 84) की आक्रामक पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 92 गेंद में 175 रन की रिकॉर्ड साझेदारी ने न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप मैच में 28 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

यूएई को छह विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने महज 15.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड की यह लगातार दूसरी जीत है। टीम ने इससे पहले अफगानिस्तान को हराया था। 'प्लेयर ऑफ द मैच' सिफर्ट ने 42 गेंद की नाबाद पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाए।

### एलन में टी20 में पूरे किए 100 छक्के पूरे

एलन ने 50 गेंद की नाबाद पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके लगाए, इसके साथ उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 छक्के पूरे किए। इस जोड़ी ने पारी की शुरुआत से ही आक्रामक रूख अपनाते हुए यूएई के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। दोनों की 175 रन की साझेदारी टी20 विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है।



### एलन ने दिखाए आक्रामक तेवर

लक्ष्य का पीछा करते हुए एलन ने मैच के दूसरे ओवर में मोहम्मद रोहिद के खिलाफ चौके से हाथ खोला तो वहीं सिफर्ट ने इस ओवर को लगातार दो चौके से खत्म किया। एलन ने जुनैद के खिलाफ दो छक्के लगाकर अपने आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने गेंदबाज के सिर के ऊपर से गेंद को बाउंड्री पर भेजने के बाद अच्छी गेंद को डीप फाइन लेग के ऊपर से छह रनों के लिए भेज दिया। सिफर्ट ने छठे ओवर में रोहिद के खिलाफ एक छक्का और तीन चौके जड़े, जिससे पावरप्ले में ही न्यूजीलैंड ने बिना किसी नुकसान के 78 रन बनाकर मैच पर पूरा नियंत्रण बना लिया।

### कप्तान वसीम ने खेली 66 रन की नाबाद पारी

कप्तान मोहम्मद वसीम (नाबाद 66) और अलीशाह शराफू (55) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने छह विकेट पर 173 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज वसीम में 45 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के मारे जबकि शराफू ने 47 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। मयंक कुमार ने आखिरी ओवरों में 13 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 21 रन बनाकर टीम को इस प्रारुप के विश्व कप में अपने सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने आखिर ओवर में दो विकेट लिए जबकि जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स को एक-एक सफलता मिली।

### नीदरलैंड ने नामीबिया को 7 विकेट से हराया, डी लीडे की दमदार पारी



**नई दिल्ली।** अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप का ग्रुप ए का मुकाबला नामीबिया और नीदरलैंड के बीच मंगलवार को खेला गया। बास डे लीडे के बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर नीदरलैंड ने नामीबिया को 2 ओवर पहले ही 7 विकेट से हरा दिया। नीदरलैंड को जीत के लिए 157 रन का लक्ष्य मिला। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और मैक्स ओ दाउद के रूप में पहला झटका 16 के स्कोर पर लगा। वह 7 रन बनाकर आउट हुए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे बास डे लीडे ने बेहतरीन बल्लेबाजी की और 48 गेंद पर 4 छक्कों और 5 चौकों सहित नाबाद 72 रन की पारी खेल टीम को 12 गेंद पहले 7 विकेट से जीत दिला दी।

### लीडे के बल्ले से निकला विजयी चौका

डे लीडे ने दूसरे विकेट के लिए माइकल लेविट 28, के साथ 30 और तीसरे विकेट के लिए कोलिन एकरमैन 32 के साथ 68 रन की अहम साझेदारी की। इसके अलावा लीडे ने कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स नाबाद 18 के साथ 43 रन की साझेदारी की। नीदरलैंड ने 18 ओवर में 3 विकेट पर 159 रन बनाकर मैच जीता। विजयी चौका बास डे लीडे के बल्ले से निकला।

### विश्व कप में दर्शकों में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने बताया कि 2026 टी20 विश्व कप के पहले छह मैच के बाद पिछले चरण की तुलना में उनके डिजिटल मंच पर वीडियो व्यूज में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बयान में विश्व संस्था ने कहा कि उनके डिजिटल प्लेटफॉर्म को कुल 647 मिलियन (64.7 करोड़) वीडियो व्यूज मिले। दर्शकों की इस भारी बढ़ोतरी में नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका जैसे देशों का बड़ा योगदान रहा, जिनकी राष्ट्रीय टीमें टूर्नामेंट में खेल रही हैं।


FORM NO.
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, MP
DEMAND NOTICE
NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.
RC/382/2020 17-07-2025
BANK OF INDIA
VERSUS
M/S PAL WIRES
To,
**(CD1, M/S. Pal Wires,** Office at Behind Banjan Mandir, Industrial Area, Rawabhata Bilaspur Road, Raipur, CG-492003.
**(CD 2) Ram Subhvan,** Pal Engineering, Behind Rajasthan Agro, Bhanpuri Raipur, CG-492003.
**(CD3) Ram Jiyavan Pal,** Pal Engineering, Behind Rajasthan Agro, Bhanpuri, Raipur, CG-492003.
**(CD4) Ram Khilavan Pal,** Pal Engineering, Behind Rajasthan Agro, Bhanpuri, Raipur, C.G.-492003.
Whereas You the Was ordered by the Presiding Officer of **DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR** who had Issued the Recovery Certificate **Dated 18/05/2020** In **Oa/848/2017** to Pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of Applicant, the sum of **Rs. 24202702.17 (Rupees Two Crore Forty Two Lakhs Two Thousand Seven Hundred Two and Paise Ten Seven Only)** along with Pendentellite and Future Interest **@ 12.00%** Simple Interest yearly w.e.f. **28/09/2017** till Realization and Costs of **Rs. 150000 (Rupees One Lakh Fifty Thousands Only),** and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the Sale of undermentioned Immovable/Immoveable Property.
2. You are hereby informed that the **15/02/2026 at 10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.
**Specification of property**
(i) Agriculture land bearing Khasra No. 513/6 admeasuring 0.05 Hectare situated at village Bahanakadi, P.H. No. 14. R. N. Mandir Harsaud. Tehsil Arang, District Raipur (Cim the name of Shri Rum Subimwan Pal.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **31/12/2025.**
Seal
Ms. Priti Desai
Recovery Officer-II
Debts Recovery Tribunal Govt. of India, Ministry of Finance Jabalpur (M.P. & C.G. States)


# रणजी ट्रॉफी : बंगाल 19वीं बार सेमीफाइनल में, आंध्र प्रदेश को पारी और 90 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| कल्याणी

रणजी ट्रॉफी 2025-26 के जारी सीजन में जहां तीन टीमें पहले ही क्वार्टरफाइनल जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच चुकी थीं, वहीं आखिरी मुकाबले में बंगाल ने नीतीश कुमार रेड्डी वाली आंध्र प्रदेश टीम को पारी और 90 रन से हराकर 19वीं बार रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

बंगाल की इस जीत में क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सुदीप कुमार ने ऐतिहासिक पारी खेलते हुए 299 रन बनाए और सिर्फ एक रन से तिहरा शतक लगाने से चूक गए। इस जीत के साथ रणजी ट्रॉफी 2025-26 के सेमीफाइनल का पूरा लाइनअप भी तय हो गया है। बंगाल 15 फरवरी को होने वाले सेमीफाइनल में जम्मू कश्मीर से भिड़ेगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच खेला जाएगा।




**शमी ने उड़ाए आंध्र प्रदेश के छक्के**

मोहम्मद शमी ने बल्ले से ताबड़तोड़ अंदाज में खेलते हुए 33 गेंदों में 7 चौके और 3 छक्कों की मदद से 53 रन ठोक दिए। बंगाल ने पहली पारी में 629 रन बनाकर 334 रन की विशाल बढ़त हासिल कर ली। दूसरी पारी में आंध्र प्रदेश की टीम संभल नहीं सकी और 244 रन पर ढेर हो गई, जिससे उसे पारी और 60 रन से हार का सामना करना पड़ा। दूसरी पारी में बंगाल के लिए सबसे ज्यादा 4 विकेट शाहबाज अहमद ने झटके।

### आंध्रप्रदेश की टीम 295 रन पर सिमटी

पहले बल्लेबाजी करते हुए आंध्र प्रदेश के कप्तान रिकी भुई ने 83 रन बनाए, जबकि नीतीश कुमार रेड्डी सिर्फ 33 रन ही बना सके। पूरी टीम 295 रन पर सिमट गई। बंगाल की ओर से पहली पारी में मुकेश कुमार ने 5 विकेट हॉल लिया, मोहम्मद शमी ने 1 विकेट चटकाया और आकाश दीप ने 4 विकेट झटके।

### मैदान पर संदेश पहुंचाने में क्रिकेट अन्य खेलों से पीछे



***मुंबई।** इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा कि मैदान पर खिलाड़ियों तक संदेश पहुंचाने के मामले में क्रिकेट अन्य खेलों की तुलना में अभी पीछे है। यह बयान उन्होंने उस घटना के बाद दिया, जब इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम को नेपाल के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले के दौरान 'ड्रिंक्स ब्रेक' में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक से वॉकी-टॉकी के जरिए बात करते हुए देखा गया। अन्य खेलों में जैसे फॉर्मूला वन में रेस इंजीनियर रेडियो के जरिए रियल-टाइम में ड्राइवरों को रणनीति, इंजन सेटिंग, टायर प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी देते हैं।*

# श्रीलंका को बड़ा झटका, हसरंगा विश्व कप से बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रीलंका को बड़ा झटका लगा है। दिग्गज स्पिनर वानिंदु हसरंगा इंजरी की वजह से विश्व कप से बाहर हो गए हैं। हसरंगा को कोलंबो में रविवार को आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी।

एमआरआई स्कैन में उनके बाएं हैमस्ट्रिंग में गंभीर चोट का पता चला। यूके के एक विशेषज्ञ ने उनकी इंजरी रिपोर्ट देखने के बाद उन्हें टी20 विश्व कप से बाहर कर दिया। श्रीलंकाई मीडिया के अनुसार



इंजरी की वजह से हसरंगा चार सप्ताह तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। हसरंगा का विश्व कप से बाहर होना श्रीलंका के लिए बहुत बड़ा झटका है। वह न सिर्फ एक बेहतरीन और मैच जिताऊ गेंदबाज हैं, बल्कि निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाजी से भी कई बार वह श्रीलंका को जीत दिला चुके हैं। आयरलैंड के खिलाफ ग्रुप स्टेज के पहले मैच में भी हसरंगा ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी और 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिए थे। हसरंगा की जगह टीम में लेगस्पिनर दुशान हेमंथा को शामिल किया जा सकता है। 31 साल के हेमंथा ने श्रीलंका के लिए अब तक 5 वनडे और तीन टी20 खेले हैं, जिसमें उन्होंने 6 विकेट लिए हैं।


यूको बैंक UCO BANK
सम्मान आपके विश्वास का | Honours Your Trust
यूको बैंक : अंचल कार्यालय
पता : छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सालय परिसर, तेलीबांधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4233116, 4233115, ईमेल: zoraipur.rec@uco.bank.in
परिशिष्ट IV देखें, [नियम 8 (1)] के तहत
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **यूको बैंक, नया रायपुर शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) के अधीन और धारा 13(12) और सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी / बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 उपधारा (4) सपठित उक्त नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

| क्र. सं. | शाखा | ऋणी का नाम | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / सांकेतिक कब्जा सूचना की तिथि / बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | नया रायपुर | श्रीमती गौरी बजाज पत्नी प्रकाश बजाज, पुत्री मोतीलाल और कमला सचदेव | फ्लैट संख्या 06, प्रथम तल, अनमोल अपार्टमेंट, ब्लॉक-सी, वार्ड संख्या 28, अवंती विहार कॉलोनी, तहसील-रायपुर। पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 15.04.2025, पुस्तक संख्या A 1, खंड-73700, पृष्ठ 339 से 358, क्रमांक 163, चतुर्सीमा :- पूर्व : फ्लैट नंबर 07, पश्चिम : खुला, उत्तर : खुला, दक्षिण : फ्लैट नंबर 05 | 18/11/2025<br>06/02/2026<br>₹ 8,14,378.00 + ब्याज देय और अन्य खर्च। |
| 02 | मिड कॉरपोरेट जगदलपुर | मेसर्स अग्रवाल आयरन एंड इण्डस्ट्रीज | ग्राम बिलोरी जगदलपुर में कारखाने की जमीन और शेड का गिरवी रखना, गिरवी रखी हुई चल मशीनरी और मशीनरी, चारदीवारी सहित खुली जमीन, जमीन सहित भवन (रायपुर में विभिन्न क्षेत्रों में) आदि (दस्तावेजों में उल्लिखित)। भाग-II : 1. सीमा सहित भूमि और शेड, कुल क्षेत्रफल- 7.83 एकड़, ख. क्रमांक 183, 184, 219, 220, 221, 224, 226, 228, 229, पीएच क्रमांक | 25/11/2025<br>06/02/2026<br>₹ 9,93,31,842.30 + ब्याज देय और अन्य खर्च। |

**(1).** 74 / 13, बिलोरी, तहसील जगदलपुर, जिला बस्तर, छत्तीसगढ़, जिला रायपुर (सीजी) में स्थित। (1) दस्तावेज क्रमांक 30, दिनांक 05-04-2005, पुस्तक क्रमांक 1, खंड क्रमांक 2764, पृष्ठ क्रमांक 65-73, (2) दस्तावेज क्रमांक 959, दिनांक 08-08-2008, पुस्तक क्रमांक 1, खंड क्रमांक 3765, पृष्ठ क्रमांक 56-67, (3) दस्तावेज क्रमांक 1977, दिनांक 13.11.2006, पुस्तक क्रमांक 1, खंड क्रमांक 3231, पृष्ठ क्रमांक 29-38, (4) दस्तावेज क्रमांक 355, दिनांक 15.05.2006, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 3073, पृष्ठ संख्या 74-82, (5) दस्तावेज संख्या 4682, दिनांक 25.05.2011, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या -, पृष्ठ संख्या 32-44, **(2).** 20000 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली भूमि, जिसमें सीमा दीवार और उस पर निर्मित कमरा शामिल है, खसरा संख्या 689, 693 / 1, पीसी संख्या 103 / 34, लोहा बाजार, हीरापुर, जरवाय, रायपुर, सी.जी. में स्थित। दस्तावेज संख्या 5445(सी), दिनांक: 31.03.2000, पुस्तक संख्या A I, खंड संख्या 23891, पृष्ठ संख्या 11-21। **(3).** 15876 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली भूमि, जिसमें सीमा दीवार और उस पर निर्मित कमरा शामिल है, खसरा संख्या 221 / 2, पीसी संख्या 105 / 59, में स्थित है। चांगोराभाटा, डॉ. खुबचंद बघेल, वार्ड रायपुर, छ.ग., दस्तावेज संख्या 3201 (गा), दिनांक: 30.03.2002, पुस्तक संख्या ए 1, खंड संख्या 26524, पृष्ठ संख्या 32-49। **(4).** संयंत्र एवं मशीनरी - क्रशर संयंत्र 70 टीपीएच और पेलेट संयंत्र 300 टीपीडी, विद्यालय के पास, ग्राम बिलोरी, तहसील जगदलपुर, जिला बस्तर में स्थित।

ऋणी / बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधरण को सामान्य रूप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का **किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय यूको बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा** जिसका विवरण निम्न प्रकार है।
**उधारकर्ता / गारंटर / बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।**
दिनांक : 06.02.2026 स्थान : रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी / यूको बैंक



## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप : भारत 39 स्वर्ण, 15 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर

# आकृति ने रजत, अंजुम ने जीता कांस्य, सोफिया ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की आकृति दहिया और अंजुम मौदगिल ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में कजाकिस्तान की सोफिया शुलझेंको ने कर्णी सिंह परिसर में नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

सोफिया ने 35 शॉट के फाइनल में 358.2 अंक हासिल किए, जो रजत पदक विजेता आकृति दहिया से चार अंक अधिक थे। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंजुम मौदगिल ने 340.4 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। सोफिया के इस स्कोर के साथ तीन नए रिकॉर्ड विश्व जूनियर, एशियाई और एशियाई जूनियर कायम किए। टूर्नामेंट में भारत 39 स्वर्ण, 15 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर है।



### आदर्श 291 अंक के साथ शीर्ष स्थान पर

पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में भारत के आदर्श सिंह ने प्रिसीजन चरण के बाद 291 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। अनीश भानवाला 287 अंकों के साथ फाइनल की दौड़ में बने हुए हैं, जबकि नीरज कुमार के नाम 277 अंक है। उन्हें फाइनल की दौड़ में शामिल होने के लिए बुधवार को बेहतर प्रदर्शन की जरुरत होगी।

### जूनियर वर्ग में अनुष्का ने जीता कांस्य पदक

जूनियर महिलाओं की 3पी स्पर्धा में भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। 14 वर्षीय कजाकिस्तान की निशानेबाज टोमिरिस अमानोवा ने 351.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि भारत की अनुष्का ठाकुर ने 341.1 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। प्राची, अनुष्का और हेजल की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में 1748 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो कजाकिस्तान से सात अंक अधिक था। सीनियर महिला 3पी टीम स्पर्धा में कजाकिस्तान ने 1760 अंकों के साथ भारत को चार अंकों से पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।




दुनिया को अगले साल तेज गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। इसकी वजह प्रशांत महासागर में अल नीनो का बनना होगा। मौसम विज्ञान के एक्सपर्ट का कहना है कि प्रशांत महासागर में अल नीनो का बनना 2027 में ग्लोबल तापमान को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा सकता है।


# प्रशांत महासागर में बनेगा अल नीनो, तापमान में भारी बढ़ोतरी का खतरा

**वॉशिंगटन।** ऐसा होने पर साल 2027 पिछले तीन वर्षों के मुकाबले कहीं ज्यादा गर्म रहेगा। यह इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि बीते तीन वर्ष पहले ही सबसे गर्म साल रिकॉर्ड किए गए हैं। मौसम एजेंसियों और क्लाइमेट वैज्ञानिकों ने इस साल के आखिर में प्रशांत महासागर में अल नीनो बनने की संभावना जताई है। यह घटना 2027 में ग्लोबल तापमान को अब तक के सबसे ऊंचे रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा देगी। पूरी दुनिया में इसका सीधा असर देखने को मिलेगा।

## दुनिया के सामने आ रही तेज गर्मी की चुनौती

### साल के आखिर में बनेगा अल नीनो

एक्सपर्ट ने बताया है कि अभी पक्के तौर पर कुछ कहना जल्दबाजी होगी। फिलहाल कोई दावा नहीं किया जा सकता, लेकिन प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह के तापमान के फैलाव में ऐसे संकेत मिले हैं, जो बताते हैं कि 2026 में अल नीनो बन सकता है। अमेरिकी सरकार के नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन और ऑस्ट्रेलिया के ब्यूरो ऑफ मेटियोरोलॉजी ने कहा है कि क्लाइमेट मॉडल अल नीनो का अनुमान लगा रहे हैं। दोनों एजेंसियों ने इसकी चेतावनी दी है। हालांकि दोनों के इस पर दावों में अनिश्चितताएं हैं।



### अल नीनो कैसे बनता है

प्रशांत महासागर में समुद्र के तापमान का चक्र दुनिया भर में मौसम की चरम घटनाओं से जुड़ा हुआ है। भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के पूर्व में औसत से ज्यादा गर्म पानी इकट्ठा होकर अमेरिकी महाद्वीप के तट तक फैलता है तो इसे अल नीनो कहा जाता है। यह ग्लोबल तापमान को बढ़ाता है। ऑस्ट्रेलिया के ब्यूरो ने कहा है कि कुछ मॉडल जून से अल नीनो के बनने की संभावना बता रहे हैं। अमेरिकी एजेंसी ने कहा है कि अल नीनो की संभावना बढ़ी हैं। क्लाइमेट साइंटिस्ट एंड्रयू वॉटकिंस ने कहा है कि हमारे पास पश्चिमी ट्रॉपिकल प्रशांत महासागर में बहुत सारा गर्म पानी जमा है।

### अल नीनो की संभावना आधी-आधी

न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी में ईएनएसओ विशेषज्ञ एसोसिएट प्रोफेसर एंड्रिया टैशेटो ने कहा कि मौजूदा वक्त में ला नीना खत्म हो रहा है, जहां गर्म पानी ऑस्ट्रेलिया के करीब है। इस पर इससे आगे की भविष्यवाणी करना फिलहाल काफी मुश्किल है। एंड्रिया ने आगे कहा कि जून से अगस्त में अल नीनो के विकसित होने या ईएनएसओ के न्यूट्रल रहने की संभावना फिलहाल लगभग 50/50 है। हालांकि, यह होता है तो चिंता बढ़ेगी क्योंकि धरती पर पिछले तीन रिकॉर्ड पर सबसे गर्म तीन सालों में रहे हैं।

# चीन में रोबोट्स सीख रहे कुंग फू के जानलेवा दांव-पेंच



**बीजिंग।** चीन के सदियों पुराने शाओलिन मंदिर से एक ऐसा वीडियो वायरल हुआ है, जिसने पूरी दुनिया के इंटरनेट यूजर्स को सोचने पर मजबूर कर दिया है। इसमें शाओलिन भिक्षुओं के साथ ह्यूमनॉइड रोबोट्स कुंग फू की प्रैक्टिस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। चीन के हेनान प्रांत से एक ऐसा वीडियो वायरल हुआ है, जिसने इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। दरअसल, सदियों से अपनी कठिन तपस्या और मार्शल आर्ट्स के लिए मशहूर चीन का शाओलिन मंदिर अब एक बिल्कुल नए अवतार में नजर आ रहा है। वायरल क्लिप में दिखाया गया है कि शाओलिन भिक्षु अब सिर्फ इंसानों को ही नहीं, बल्कि ह्यूमनॉइड रोबोट्स को भी कुंग फू की बारीकियां सिखा रहे हैं। वीडियो में अत्याधुनिक रोबोट्स शाओलिन भिक्षुओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। ये रोबोट इंसानी छात्रों की तरह ही जटिल पोज औरड्रिल्स को बिना किसी गलती के दोहरा रहे हैं। रोबोट्स की फ्लेक्सिबिलिटी और उनके मूव्स को देखकर ऐसा लगता है कि उन्हें खास तौर पर मार्शल आर्ट्स के लिए प्रोग्राम किया गया है। बता दें कि शाओलिन कुंग-फू केवल शारीरिक लड़ाई नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक अनुशासन है। ऐसे में रोबोट्स का इसे सीखना इंटरनेट की जनता के मन में कई सवाल खड़े कर रहा है। जहां कुछ लोग इसे टेक्नोलॉजी और परंपरा का अद्भुत मेल बता रहे हैं, तो वहीं कई नेटिजन्स इसे भविष्य के लिए खतरनाक मान रहे हैं। लोगों का तर्क है कि अगर मशीनें इतनी सटीकता से जानलेवा दांव-पेंच सीख गईं, तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

**इतिहास**

कहानी जानकर कांप जाएगी रूह

# लड़कियों के खून से नहाती थी ये रानी, 650 लड़कियों की हत्या की

**बुडापेस्ट।** दुनिया में कई सीरियल किलर्स हुए हैं, जिनके बारे में जानकर लोगों की रूह कांप जाती है। एक महारानी ऐसी ही सीरियल किलर थी, जिसका नाम एलिजाबेथ बाथरी था। इसे इतिहास की सबसे खतरनाक और निर्दयी महिला सीरियल किलर के तौर पर जाना जाता है। एलिजाबेथ बाथरी ने साल 1585 से 1610 के बीच 650 लड़कियों की हत्या कर उनके खून से नहाया था। उसने सभी लड़कियों की हत्याएं अपने महल में की थी। एलिजाबेथ बाथरी हंगरी साम्राज्य के ऊंचे रसूख वाले बाथरी परिवार से थी। उसकी शादी फेरेंक नैडेस्डी नाम के शख्स से हुई थी, जो तुर्कों के खिलाफ युद्ध में हंगरी का नेशनल हीरो था।एलिजाबेथ का 1560 में हंगरी में जन्म हुआ था। वह अपनी खूबसूरती के लिए दूर-दूर तक जानी जाती थी। एलिजाबेथ मानती थी जवान लड़कियों के खून से कोई व्यक्ति जवान रह सकता है।





### लड़कियों को पीटती और भूख से तड़पाती थी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एलिजाबेथ लड़कियों को बड़ी तनख्वाह पर नौकरी की पेशकश करती थी। इसके बाद उन्हें परिवार से दूर ले आती थी। उन्हें महल में बंद कर देती थी। इसके बाद उन्हें पीटती थी और भूख से तड़पने के लिए छोड़ देती थी। यहां तक कि उनके हाथों को जला देती थी या फिर काट देती थी। कई बार वह लड़कियों के चेहरे या शरीर के दूसरे अंगों का मांस दांतों से काटकर निकाल लेती थी और अंत में उनकी हत्या कर उनका खून एक टब में इकट्ठा करती थी, जिसमें वह नहाती थी। इसका जिक्र कई किताबों में भी किया गया है।

### मिली थी खौफनाक सजा

साल 1610 में एलिजाबेथ बाथरी को उसके इस जुर्म के लिए गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसके ही महल के एक कमरे में कैद कर दिया गया। कैद में चार साल बाद 21 अगस्त, 1614 को उसकी मौत हो गई। कहा जाता है कि एलिजाबेथ बेहद खूबसूरत थी और अपनी खूबसूरती को बरकरार रखना चाहती थी। इसकी वजह से उसने 650 लड़कियों की हत्या कर दी थी। जवान दिखने के लिए लड़कियों के खून से नहाती थी।

### कौन-कौन था जुर्म में शामिल?

एलिजाबेथ बाथरी के इस खौफनाक जुर्म में उसके तीन नौकर भी शामिल थे। चूंकि, वो एक ऊंचे रसूख वाली महिला थी, इसलिए वो आसपास के गांवों की गरीब लड़कियों को अपने महल में अच्छे पैसों पर काम करने का लालच देकर बुला लेती थी। लेकिन, लड़कियां जैसे ही महल में आती थीं, वो उन्हें अपना शिकार बना लेती थी। बताया जाता है कि इलाके में लड़कियों की संख्या कम होने पर वह ऊंचे परिवार की लड़कियों को अपना शिकार बनाने लगी थी। जब हंगरी के राजा को उसकी करतूतों के बारे में पता चला तो, उन्होंने मामले की जांच करवाई। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। जांच दल ने एलिजाबेथ के महल से कई लड़कियों के कंकाल और सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए थे।

# 10 साल से सिर्फ पत्तियां खाकर जिंदा है ये शख्स बीमार भी नहीं पड़ा



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेलगाम में 34 वर्षीय बुदान खान पिछले 10 वर्षों से केवल जंगल की पत्तियां खाकर जीवित हैं। बंदरों से प्रेरित होकर उन्होंने अनाज का त्याग कर दिया था। उनका दावा है कि इस आहार से वे कभी बीमार नहीं पड़े। उनकी यह जीवनशैली चिकित्सा विशेषज्ञों के लिए एक रहस्य बनी हुई है। भेड़ और बकरियां पत्तियां खाकर जीवित रहती हैं, यह सामान्य बात है। लेकिन, क्या कोई इंसान सालों तक केवल पत्तियों और जड़ी-बूटियों पर निर्भर रहकर स्वस्थ रह सकता है? कर्नाटक के बेलगावी जिले के सवादत्ती तालुक स्थित उगागोल्ला गांव के बुदन खान होसमानी का जीवन इस दावे को सच साबित कर रहा है। हेग्गोल्ले पहाड़ी पर रहने वाले 34 वर्षीय बुदान खान होसमानी पिछले 10 सालों से पारंपरिक भोजन त्याग चुके हैं।

### 150 से अधिक प्रजाति के पत्तों का आहार

बुदान खान के अनुसार, जिस पहाड़ी पर वे रहते हैं, वहां लगभग 150 से 200 प्रकार की वनस्पतियां पाई जाती हैं। वे दिन भर में करीब छह बार इन पत्तियों का सेवन करते हैं। उनका कहना है कि ये पत्तियां स्वाद में मीठी होती हैं और इन्हें खाने के बाद उन्हें भूख का एहसास नहीं होता। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि जब कभी वे गांव जाते हैं, तो बहुत ही सीमित मात्रा में चाय या सूप ले लेते हैं, लेकिन उनका मुख्य आधार ये पत्तियां ही हैं।





# घास-पत्तियां ही नहीं, अंडे और छोटे जानवर भी खा जाता है बार्किंग डियर

**नई दिल्ली।** बार्किंग डियर, जिसे भारतीय मुंटजैक भी कहा जाता है, एक अलग तरह का हिरण है जो खतरा महसूस होते ही कुत्ते जैसी तेज आवाज निकालकर दूसरों को सतर्क करता है। इसके नुकीले दांत और फुर्तीला स्वभाव इसे खास बनाते हैं। कल्पना कीजिए, आप किसी घने जंगल या पहाड़ी रास्ते से गुजर रहे हैं। आपके चारों तरफ सन्नाटा है, तभी अचानक कुत्ते के भौंकने जैसी तेज आवाज सुनाई देती है। ऐसे में किसी का भी डरना स्वाभाविक है। लेकिन हर बार यह आवाज किसी कुत्ते की नहीं होती. कई बार यह आवाज एक अनोखे और रहस्यमयी जानवर की होती है, जिसे बार्किंग डियर या भौंकने वाला हिरण कहा जाता है। नाम से भले ही यह एक मासूम हिरण लगे, लेकिन इसकी आदतें और व्यवहार इसे जंगल का बेहद सतर्क और दिलचस्प शिकारी बनाते हैं। दरअसल, बार्किंग डियर को



वैज्ञानिक भाषा में मुंटजैक कहा जाता है। यह आकार में छोटा लेकिन बेहद फुर्तीला हिरण होता है। इसकी लंबाई लगभग 20 से 30 इंच और वजन सिर्फ 22–23 किलोग्राम के आसपास होता है। नर हिरण के छोटे-छोटे सींग होते हैं, जो आमतौर पर 5 इंच से ज्यादा लंबे नहीं होते. इन सींगों में एक छोटा ब्रो-टाइन और साधारण बीम होता है, जिससे वह अपनी रक्षा करते हैं। पहली नजर में यह हिरण बेहद शांत और सुंदर लगता है, लेकिन इसके ऊपरी जबड़े में लंबे और नुकीले दांत होते हैं।







हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com